परियोजना के उद्देश्य–	1. अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार से पीड़ित फरियादी एवं अत्याचार करने वाले व्यक्तियों की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना। 2. अध्ययन क्षेत्र के अनुसूचित जाति एवं जनजातियों के विरूद्ध बढ़ते अत्याचारों का तत्कालिक एवं दीर्घकालिक कारणों का अध्ययन करना। 3. अनुसूचित जाति एवं जनजातियों तथा समाज के उच्च वर्गो के बीच बढ़ते तनाव एवं संघर्ष के कारणों का अध्ययन करना। 4. अनुसूचित जाति एवं जनजातियों को सुरक्षा प्रदान करने के उपायों के क्रियान्वयन की समस्याओं का अध्ययन करना। 5. अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम,1989 एवं संशोधित अधिनियम 2015 के क्रियान्वयन में अनुसूचित जाति एवं

	जनजाति पुलिस थानों एवं विशेष न्यायालय की भूमिका का अध्ययन करना। 6. अध्ययन के निष्कर्षो के आधार पर अत्याचार रोकने के दीर्घकालिक एवं लघुकालिक उपायों के सुझाव प्रस्तुत करना।
परियोजना राशि–	**(16,30,200/- प्रस्तावित) (प्राप्त राशि– 4,00,000/-)**

एम.फिल. शोध प्रबन्ध :

वर्ष 2016–17 के दौरान किसी भी छात्र/छात्राओं द्वारा **एम.फिल. शोध की थिसिस (सामाजिक विज्ञान)** पूर्ण नही की गयी है:–

पीएच.डी. शोध प्रबन्ध

वर्ष 2016–17 के दौरान पूर्ण किये गये पीएच.डी. शोध प्रबंध :–

स.क्र.	पीएच.डी. शोधार्थी का नाम	पीएच.डी. शोध निर्देशक	पीएच.डी. शोध शोध प्रबंध का शीर्षक
1.	सुश्री अमिता चंदेल	प्रो. डी. के. वर्मा	वाल्मीकी समाज की प्रस्थिति एवं गतिशीलता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (मध्यप्रदेश के जिला इन्दौर के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन)

पीएच.डी. शोध प्रबंध 1 : ''वाल्मीकी समाज की प्रस्थिति एवं गतिशीलता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन'' (मध्यप्रदेश के जिला इन्दौर के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्न उद्देश्य हैं :–

1. अध्ययन क्षेत्र में वाल्मीकि समाज की सामाजिक प्रस्थिति का मूल्यांकन करना।
2. वाल्मीकि समाज की सामाजिक गतिशीलता का आंकलन करना।
3. वाल्मीकि समाज की तुलनात्मक प्रस्थिति एवं गतिशीलता का अध्ययन करना।
4. वाल्मीकि समाज की तुलनात्मक प्रस्थिति का इन्दौर क्षेत्र की सामाजिक संरचना के संदर्भ में अध्ययन करना।
5. वाल्मीकि समाज की प्रस्थिति एवं गतिशीलता में अंतर के कारणों का अध्ययन करना।
6. वाल्मीकि समाज की सामाजिक परिस्थिति का परम्परागत जाति व्यवसथा के संदर्भ में अध्ययन करना।

निष्कर्ष एवं सुझाव

भारत में करोड़ों लोगों को स्वतंत्रता से पूर्व अस्पृश्यता के नाम पर मानवीय अधिकारों से वंचित किया गया है और उन्हें निम्न स्तर का जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य किया गया है। इन्हें गाँवों में किसी दूर स्थान पर टूटी–फूटी झोपड़ियों, कच्चे मकानों एवं गंदे स्थानों पर रहना पड़ रहा है। अस्पृश्यता जाति व्यवस्था के साथ जुड़ी है। वैदिक काल में अस्पृश्यता की कोई समस्या नहीं थी, यद्यपि पवित्रता–अपवित्रता की धारणा

अवश्य मौजूद थी। स्मृतिकाल में अस्पृश्यता की भावना ने जन्म लिया और अछूतों को निम्न और हेय व्यवसाय सौंपे गए। मुस्लिम काल में इनकी स्थिति दयनीय हो गई। ब्रिटिश काल में इनकी स्थिति को सुधारने के प्रयास आरंभ हुए, किन्तु उससे कोई विशेष लाभ नहीं हुआ। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इनकी सामाजिक समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया और उन्हें दूर करने के प्रयास किये गये।

घुरिए ने व्यवसाय अथवा आनुष्ठानिक पवित्रता के विचारों को, जिन्हें जाति प्रथा के उद्‌भव के कारकों में गिना जाता ही है, अस्पृश्यता के विचार व प्रचलन की आत्मा कहा है। उनके गंदे माने जाने वाले कार्यों के कारण ही उनको छूना प्रदूषणकारी मान लिया गया। एक सम्मति यह है कि भारत के मूल निवासियों के साथ नस्लीय (रक्त) सम्मिश्रण से बचने के लिए ही आर्यों ने इस प्रणाली को अपनाया। मूल निवासियों ने आर्यों की सम्प्रभुता अथवा आधिपत्य को स्वीकार नहीं किया। वे अपने आर्य विजेताओं के पशु चुरा ले जाते थे, उनके बच्चों एवं स्त्रियों का अपहरण कर लेते थे और लूटमार के द्वारा उन्हें त्रस्त करते थे। अतः समय बीतने पर, आर्यों ने उन्हें दास बना लिया। गाँवों में उनके आवागमन को नियमाधीन बनाया गया, उन पर अरूचिकर कार्य थोपे गये और उन्हें कष्टप्रद निर्योग्यताओं का भागी बनाया गया। अंततः वे अस्पृश्यों की स्थिति में गिरा दिये गये।

सामाजिक, धार्मिक एवं नागरिक अधिकारों से वंचित इन दलितों की स्थिति में सुधार की कोई संभावना नहीं थी। अगाध एवं घोर घृणित दरिद्रता से ग्रस्त और शेष समुदाय की घृणा तिरस्कार के शिकार इन अभागों का कुप्रवृत्तियों को अपनाना और अज्ञान व अंधविश्वास में डूबना स्वाभाविक था। ये बीते हुए ''मृत'' युग में जीते थे और अपर्याप्त आवास, अस्वास्थ्यकर वातावरण तथा सामाजिक अलगाव में अपने कटकर अस्तित्व को घसीटते चलते थे, संक्षेप में, वे अस्पृश्य पैदा होते थे, अस्पृश्य की तरह जीते थे और अस्पृश्य की तरह मर जाते थे।

भारतीय राजनीति व सामाजिक आंदोलन में डॉ. आंबेडकर गांधी का प्रवेश सामान्यतया अस्पृश्यता उन्मूलन (दलितोद्धार) के इतिहास में एक नये युग का नवीन अध्याय की शुरूआत के रूप में देखा जाता है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हो गया, इस समय तक जातिप्रथा पर्याप्त क्षीण हो चली थी जिसे व्यक्ति के स्वतंत्र विकास में, राष्ट्र के प्रति निष्ठा में तथा लोकतंत्र और प्रगति में भी बाधक माना जाता था। निम्नतम जातियों पर किये जाने वाले अत्याचारों के विरूद्ध मानवतावादी भावनाएँ उमड़ रही थीं और व्यापक रूप से यह स्वीकार किया जाने लगा था कि स्वतंत्र भारत में जाति का कोई महत्व नहीं होगा और विगत असमानताओं के प्रभावों को दूर करने के लिए कदम उठाये जायेंगे। अतः दलितों को वंचित करना अपराध घोषित किया गया। सेवाओं में उनके लिए स्थान आरक्षित किये गये और शैक्षणिक विकास का कार्यक्रम भी आरंभ किया गया।

वाल्मोकि समाज शूद्रों के अंतर्गत ही आते हैं, जो आज भी समाज की मुख्यधारा से दूर अपनी परम्परागत निर्योग्यताओं को व्यवहारिक रूप से भोग रहे हैं। भारत का संविधान लागू होने के पश्चात कानूनी रूप से सभी नागरिकों को समानता का अधिकार प्रदान किया गया है, किंतु वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ भेदभाव समाप्त नहीं हुआ है। औद्योगिकरण एवं नगरीयकरण की प्रक्रिया के परिणामस्वरूप इस वर्ग पर परम्परागत रूप से चली आ रही नियोग्यताएँ धीरे–धीरे कम होने लगी हैं, किंतु इसकी गति अत्यंत धीमी है। वहीं संवैधानिक संरक्षण एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के कारण वाल्मीकि समाज में सामाजिक एवं आर्थिक गतिशीलता देखने को मिलती है, किंतु आशानुकूल परिणाम आने अभी शेष हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन **''वाल्मीकि समाज की प्रस्थिति एवं गतिशीलता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन'' (मध्यप्रदेश के जिला इन्दौर के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन)** के अंतर्गत वाल्मीकि समाज में आई सामाजिक एवं आर्थिक गतिशीलता का अध्ययन किया गया है।

अम्बेडकर ने भारत के भावी संविधान में दलितों अस्पृश्यों के लिए जिन सुरक्षा कवचों की मांग रखी उनमें सरकारी सेवाओं में भर्ती, भेदभाव विरोधी विधान और दलित वर्गों की देखरेख के निमित्त विशेष विभाग की स्थापना के साथ ही पृथक निर्वाचन का अधिकार भी शामिल था। गांधीजी इसके विरूद्ध थे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री रैम्जे मैकडोनाल्ड ने इसकी परवाह न करते हुए अगस्त 1932 में घोषित निर्णय के अंतर्गत दलितों को पृथक निर्वाचन अधिकार प्रधान किया। गांधीजी द्वारा इसके विरूद्ध अनशन पर बैठने के बाद पूना अथवा यरवदा समझौते के अंतर्गत दलितों को आरक्षित सीटें प्रदान की गयी।

स्वतंत्रता से पूर्व निम्न एवं अछूत जातियाँ जो जातिगत स्तरीकरण से सबसे निम्न स्थान थी, वर्तमान में ऊँची उठ रही है। सरकारी व गैर सरकारी नौकरियाँ सरकार के विभिन्न पदों एवं चुनावों में निम्न जातियों को

आरक्षण प्रदान किया गया है। संविधान के द्वारा उन्हें अनेक प्रकार से संरक्षण प्रदान किया गया है और छुआछुत को वैधानिक रूप से समाप्त कर दिया गया है। वयस्क मताधिकार ने भी उन्हें शक्ति प्रदान की है। शिक्षा के प्रसार से नए व्यवसायों में प्रवेश के अवसर, राजनीतिक सत्ता में भागीदारी, लोतांत्रिकीकरण, नए कानूनों के द्वारा जाति संरचना में व्यापक परिवर्तन हुआ है। भारतीय संविधान ने अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए शिक्षा का विशेष प्रावधान किया। संसद और विधानसभाओं की सामाजिक प्रस्थिति में काफी सुधार हुआ है। नए व्यवसाय, औद्योगीकरण, नगरीकरण, वाणिज्य की वृद्धि, पाश्चात्य शिक्षा व शिक्षा का प्रसाद, मौद्रिक अर्थव्यवस्था, बैंकों द्वारा ऋण की सुविधा, गांव के विकास के नए कार्यक्रमों के कारण जाति की संरचना और सामाजिक स्तरीकरण में व्यापक परिवर्तन आया है। लेकिन यह भी सही है कि कर्मकाण्डों के कारण सामाजिक संरचना में जाति अब भी प्रभावशाली है और कर्मकाण्डों का प्रभाव पारम्परिक स्तरीकरण बनाए रखने में सहायक सिद्ध हुआ है। जहाँ तक खान–पान और छुआछूत का प्रश्न है स्वाधीनता प्राप्ति के बाद भारत में जाति की संरचना काफी दुर्बल हुई।

शोध अध्ययन पद्धति

प्रस्तुत शोध विषयः– ''वाल्मीकि समाज की प्रस्थिति एवं गतिशीलता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन'' (म.प्र. के जिला इन्दौर के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन)

अध्ययन का समग्र

इन्दौर जिले में वाल्मीकि समाज का परिवार अध्ययन के समग्र होगे।

अध्ययन की इकाई

उत्तरदाताओं में कुल 3000 में से 300 उत्तरदाताओं की प्रस्थिति एवं गतिशीलता का अध्ययन के लिए चयन किया गया है।

निदर्शन विधि

दैव निदर्शन प्रविधि के आधार पर 300 परिवार का अध्ययन किया गया है।

प्रस्तुत अध्ययन में उत्तरदाताओं से प्राप्त तथ्यों की व्यकितगत जानकारी के आधार पर सारणीयन एवं विश्लेषण किया गया है। उत्तरदाताओं से प्राप्त तथ्यों के प्रमुख निष्कर्ष निम्न प्रकार से है–

- अध्ययन में सम्मिलित 112 (37.33%) मैला ढोना, 75 (25.00%) उत्तरदाताओं द्वारा रोड़ व नाली की सफाई का काम किया जाता है। 27 (9.00%) उत्तरदाता निर्माण कार्यों में मजदूरी करते हैं। 43 (14. 33%) उत्तरदाता शासकीय सफाईकर्मी हैं। 38 (12.67%) उत्तरदाताओं द्वारा निजी नौकरी की जाती है एवं 05 (1.67%) उत्तरदाता अन्य आर्थिक कार्य करते हैं।
- सर्वाधिक 91 (30.33%) उत्तरदाता 30 से 50 वर्षों से इन्दौर में निवास कर रहे है। 77 (25.67%) उत्तरदाता 50 वर्ष से अधिक समय से इन्दौर में निवास कर रहे हैं। 83 (27.67%) उत्तरदाता 10 से 30 वर्षों से इन्दौर में निवास कर रहे हैं, जबकि 10 वर्ष से कम समय से इन्दौर में निवास करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 49 (16.33%) रही है। स्पष्ट है कि सर्वाधिक उत्तरदाता 30 से 50 वर्षों से इन्दौर में निवास कर रहे है।
- उत्तरदाताओं के घर में एक से अधिक भौतिक उपयोग के एवं अन्य साधन उपलब्ध हैं। 263 (87.66) उत्तरदाताओं के परिवार में टेलीविजन है। 101 (33.66) उत्तरदाताओं के परिवार में मोटर/स्कूटर/साइकल है। उत्तरदाता को 224 (74.66) के पास साइकल 07 (2.33) उत्तरदाताओं के परिवार में कृषि भूमि है। 104 (34.66) उत्तरदाताओं के परिवार में रेडियो है। 14 (4.66) उत्तरदाताओं के परिवार में बकरा/बकरी है। 108 (36%) उत्तरदाताओं के परिवार में सुअर है। 05 (1.66) उत्तरदाताओं के परिवार में अन्य पशु है। 36 (12%) उत्तरदाताओं के पास व्यवसायिक दुकान है। 03 (1%) उत्तरदाताओं के परिवार में चार पहिया वाहन है। 18 (6%) उत्तरदाताओं के परिवार में रेफ्रिजरेटर है।

18 (6%) उत्तरदाताओं के परिवार में कम्प्यूटर/लेपटाप है, जबकि 29 (9.66%) उत्तरदाताओं के परिवार में अन्य प्रकार के साधन उपलब्ध है। स्पष्ट है कि उत्तरदाताओं के परिवार में एक से अधिक भौतिक संसाधन उपलब्ध है। रसोई से लेकर रोजगार व्यवसाय एवं मनोरंजन तक इन भौतिक संसाधनों का उपयोग किया जाने लगा है।

- अपनी जाति को सामान्यतः निम्न माने जाने के कारणों को बताने वाले 32 (10.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार अशिक्षा के कारण उनकी जाति को निम्न माना जाता है। 53 (17.66%) उत्तरदाताओं के अनुसार गंदा व्यवसाय करने के कारण उनकी जाति को निम्न माना जाता है। 18 (6.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार गरीबी के कारण उनकी जाति को निम्न माना जाता है। 41 (13.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार परम्परागत दृष्टिकोण के कारण उनकी जाति को निम्न माना जाता है। 04 (1.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार अन्य कारणों से उनकी जाति को निम्न माना जाता है, जबकि अधिकांश 152 (50.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उक्त सभी कारणों से उनकी जाति को निम्न माना जाता है। स्पष्ट है कि वाल्मीकि समाज के लोगों के प्रति परम्परागत रूप से चली आ रही मानसिकता में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं आया है। इसका कारण उनके द्वारा किया जाने वाला व्यवसाय है।
- सर्वाधिक 183 (61.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार की प्रकृति संयुक्त है, जबकि 117 (39. 00%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार की प्रकृति एकांकी है। स्पष्ट है कि अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक परिवार आज भी संयुक्त रूप से ही रह रहे हैं।
- अध्ययन में सम्मिलित 60 (20.00%) उत्तरदाताओं के परिवार में सदस्यों की संख्या 2–4 है। 97 (32. 33%) उत्तरदाताओं के परिवार में सदस्यों की संख्या 5–8 है। सर्वाधिक 120 (40.00%) उत्तरदाताओं के परिवार में सदस्यों की संख्या 9–12 है, जबकि 13 से अधिक सदस्यों वाले परिवारों की संख्या 23 (7. 67%) रही है। स्पष्ट है कि अध्ययन में संयुक्त परिवारों की अधिकता है इस कारण परिवार में सदस्यों की संख्या भी अधिक है।
- अध्ययन में सम्मिलित उत्तरदाताओं में 245 (81.67%) उत्तरदाता पुरूष है, जबकि 55 (18.33%) उतरदाता महिलाएँ है।
- अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक 279 (93.00%) उत्तरदाता विवाहित है। 04 (1.33%) उत्तरदाता अविवाहित है। 09 (3.00%) उत्तरदाता विधवा महिलाएँ है। 06 (2.00%) उत्तरदाता विधुर हैं, जबकि 02 (0.67%) उत्तरदाता परित्यक्ता महिलाएँ है।
- अध्ययन में सम्मिलित 15 (5.00%) उत्तरदाता अनपढ़ है। 47 (15.67%) उत्तरदाता साक्षर हैं, पर स्कूल नहीं गए। 43 (14.33 %) उत्तरदाता प्राथमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त हैं। 66 (22.00%) उत्तरदाताओं ने माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त की। 71 (23.67%) उत्तरदाताओं ने हायर सेकेण्डरी स्तर तक शिक्षा प्राप्त की, जबकि 58 (19.33%) उत्तरदाताओं ने स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षा प्राप्त की है।
- वाल्मीकि समाज के सर्वाधिक 227 (75.67%) उत्तरदाताओं के परिवार के बच्चे शासन द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। 04 (1.33%) उत्तरदाताओं के परिवार के बच्चे शासन द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ नहीं उठाते हैं। 23 (7.67%) उत्तरदाताओं के परिवार के बच्चे कभी–कभी ही शासन द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, जबकि 46 (15.33%) उत्तरदाताओं के बच्चे पढ़ने नहीं जाते ह। स्पष्ट है कि वाल्मीकि समाज के सर्वाधिक उत्तरदाताओं के बच्चों द्वारा सरकार द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ प्राप्त किया जा रहा है।
- उत्तरदाताओं के परिवार में शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ नियमित एवं कभी–कभी प्राप्त करने वाले बच्चों द्वारा शासन की एक स अधिक सुविधाओं का लाभ उठाया जाता है। सर्वाधिक 246 (31.49%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार के बच्चे छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करते हैं। 145 (18.57%) उत्तरदाताओं के बच्चे निःशुल्क गणवेश का लाभ प्राप्त करते हैं। 182 (23.30%) उत्तरदाताओं द्वारा निःशुल्क पुस्तकें प्राप्त की जाती हैं। 88 (11.26%) उत्तरदाताओं द्वारा मध्यान्ह भोजन का लाभ प्राप्त

किया जाता है। 37 (4.74%) उत्तरदाताओं के परिवार के बच्चे छात्रावास की सुविधा का लाभ प्राप्त करते हैं। 78 (9.99%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके बच्चे निःशुल्क साइकल सुविधा का लाभ प्राप्त करते हैं, जबकि 05 (0.65%) उत्तरदाताओं के बच्चे अन्य प्रकार से शासन की सुविधाओं का लाभ प्राप्त करते हैं।

- सर्वाधिक 178 (59.33%) उत्तरदाताओं का मकान पैतृक है। 70 (23.33%) उत्तरदाताओं ने उनके मकान को स्वयं निर्मित किया है। 02 (0.67%) उत्तरदाताओं का दहेज में मकान प्राप्त हुआ है। 39 (13.00%) उत्तरदाता किराये के मकान में एवं 11 (3.67%) उत्तरदाता शासकीय मकान में निवास करते हैं। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाता अपने पैतृक मकान में ही निवास करते हैं, यह मकान उन्हें उनके माता–पिता द्वारा प्राप्त हुआ है।
- 105 (35.00%) उत्तरदाताओं का मकान पक्का बना हुआ है। 35 (11.67%) उत्तरदाताओं का मकान कच्चा बना हुआ है, जबकि सर्वाधिक 160 (53.33%) उत्तरदाताओं के मकान अर्द्ध पक्के बने हुए हैं। स्पष्ट है कि वाल्मीकि समाज के अधिकांश उत्तरदाताओं के मकान अर्द्ध पक्के बने हुए हैं।
- अध्ययन में सम्मिलित 80 (26.67%) उत्तरदाताओं के मकान में 2 कमरे हैं। 81 (27.00%) उत्तरदाताओं के मकान में 3 कमरे हैं। 76 (25.33%) उत्तरदाताओं के मकान में 4 कमरे हैं। 43 (14.33%) उत्तरदाताओं के मकान में 5 कमरे हैं, जबकि 20 (06.67%) उत्तरदाताओं के मकान में सर्वाधिक 5 से अधिक करते हैं। स्पष्ट है कि अध्ययन में सम्मिलित वाल्मीकि समाज के अधिकांश उत्तरदाता दो या तीन कमरों के मकानों में निवास करते हैं।
- अध्ययन में सम्मिलित 128 (42.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनका मकान उनकी पारिवारिक आवश्यकताओं के अनुरूप है, जबकि सर्वाधिक 172 (57.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनका मकान उनकी वर्तमान पारिवारिक आवश्यकताओं के अनुसार पर्याप्त नहीं है। स्पष्ट है कि अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक उत्तरदाताओं के मकान उनके परिवार की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त नहीं है। मकान छोटे एवं अस्वास्थ्यकर होने के कारण वे परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाते हैं।
- सर्वाधिक 181 (60.33%) उत्तरदाताओं के मकान में शौचालय की सुविधा उपलब्ध है, जबकि 119 (39. 67%) उत्तरदाताओं के मकान में शौचालय उपलब्ध नहीं है।
- अपने मकान में शौलाचय की सुविधा उपलब्ध नहीं बताने वाले उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 101 (84. 88%) उत्तरदाता शासकीय शौचालय का उपयोग करते हैं। 09 (7.56%) उत्तरदाता नदी/नाले के किनारे शौच हेतु जाते हैं। 05 (4.20%) उत्तरदाता रेल्वे लाइन के पास एवं 04 (3.36) उत्तरदाता अन्य स्थानों पर शौच हेतु जाते हैं। मकान में शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अधिकांश उत्तरदाताओं द्वारा शासकीय शौचालयों का उपयोग किया जाता है।
- सर्वाधिक 287 (95.67%) उत्तरदाताओं के पड़ोस में भी वाल्मीकि समाज के लोग रहते हैं, जबकि 13 (4. 33%) उत्तरदाताओं के परिवार में वाल्मीकि समाज क लोग नहीं रहते हैं।
- सर्वाधिक 227 (75.67%) उत्तरदाताओं के मकान में गंदे पानी के निकास की उचित व्यवस्था है, जबकि 73 (24.33%) उत्तरदाताओं के मकान में गंदे पानी के निकास की उचित व्यवस्था नहीं है। स्पष्ट है कि वाल्मीकि समाज के अधिकांश उत्तरदाताओं के मकान में गंदे पानी के निकास की पर्याप्त सुविधा है।
- अध्ययन में सम्मिलित 108 उत्तरदाताओं के पास पालतू पशु हैं। इन उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 84 (28.00%) उत्तरदाताओं के मकान में पालतू पशुओं को रखने के लिए अलग से स्थान है, जबकि 24 (8. 00%) उत्तरदाताओं के मकान मे पालतू पशुओं को रखने के लिए अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। सर्वाधिक 192 (64.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मकान में पालू पशु नहीं हैं। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं ने पशुओं को नहीं पाला है। जिन उत्तरदाताओं ने पशुओं को पाला है मकान में उनके रहने की जगह अलग से निर्धारित की गई है।
- अध्ययन में सम्मिलित 93 (31.00%) उत्तरदाताओं के परिवार में एकबत्ती बिजली कनेक्शन है। सर्वाधिक 194 (64.67%) उत्तरदाताओं के परिवार में बिजली का सामान्य कनेक्शन है। 05 (1.67%) उत्तरदाताओं

के परिवार में बिजली का कनेक्शन नहीं है, जबकि 08 (2.66%) उत्तरदाताओं के परिवार में बिजली का अवैध कनेक्शन है। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के मकान में बिजली का सामान्य कनेक्शन है।

- अध्ययन में सम्मिलित 57 (19.00%) उत्तरदाताओं द्वारा अपने व्यक्तिगत पेयजल स्त्रोत का उपयोग किया जाता है। 18 (6.00%) उत्तरदाताओं द्वारा जातिगत पेयजल स्त्रोत का उपयोग किया जाता है, जबकि सर्वाधिक 225 (75.00%) उत्तरदाताओं द्वारा सार्वजनिक पेयजल स्त्रोत का उपयोग किया जाता है। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं द्वारा सार्वजनिक पेयजल का उपयोग किया जाता है।
- सर्वाधिक 199 (66.33%) उत्तरदाताओं के पास पेयजल के स्त्रोत के रूप में नल हैं। 15 (5.00%) उत्तरदाताओं के पास पेयजल के स्त्रोत के रूप में कुआं है। 57 (19.00%) उत्तरदाताओं के पास पेयजल के स्त्रोत के रूप में हैण्डपम्प है। 24 (8.00%) उत्तरदाताओं के पास पेयजल के स्त्रोत के रूप में ट्यूबवेल है, जबकि 05 (1.67%) उत्तरदाताओं द्वारा अन्य प्रकार के पेयजल के स्त्रोतों का उपयोग किया जाता है। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के यहां पेयजल के स्त्रोत के रूप में नल है। इसके अतिरिक्त हैण्डपम्प, ट्यूबवेल एवं कुएं का भी उपयोग किया जाता है।
- अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक 261 (87.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार वे उनकी आवास की दशाओं से संतुष्ट नहीं है, जबकि मात्र 39 (13.00%) उत्तरदाता ही अपनी आवास की दशाओं से संतुष्ट हैं। स्पष्ट है कि अध्ययन में सम्मिलित अधिकांश उत्तरदाता अपनी आवास की दशाओं से संतुष्ट नहीं है।
- अध्ययन म सम्मिलित 28 (10.73%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मकान में पानी घुसता है इसलिये वे अपनी आवास की दशाओं से संतुष्ट नहीं है। 44 (16.86%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मकान के आसपास दुर्गंध आती है, इसलिये वे अपनी आवास की दशाओं से संतुष्ट नहीं है। 31 (11.88%) उत्तरदाआतों के अनुसार उन्हें पीने का पानी साफ नहीं मिलता है, इसलिए वे अपनी आवास की दशाओं से संतुष्ट नहीं हैं, 38(14.55%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मकान में स्नानागार/शौचालय की पर्याप्त सुविधा नहीं हैं, इसलिए वे अपनी आवास की दशाओं से असंतुष्ट हैं, जबकि सर्वाधिक 120 (45. 96%) उत्तरदाताओं के मकान में उक्त सभी समस्याएँ हैं इसलिए वे अपने आवास की दशाओं से संतुष्ट नहीं हैं। स्पष्ट है कि वर्तमान समय में वाल्मीकि समाज के उत्तरदाताओं द्वारा जहां निवास किया जाता है, उस रहवासी स्थल की दशाएँ अनुकूल नहीं है। उत्तरदाताओं के मकान में अनेक प्रकार की समस्याएँ विद्यमान हैं, जिनका सामना उनके द्वारा प्रतिदिन किया जाता है, किंतु इनका कोई स्थायी हल नहीं हो पाता है।
- सर्वाधिक 256 (85.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार वे अपने परिवार के धार्मिक कार्यक्रमों में पण्डित को नहीं बुलाते हैं, जबकि 44 (14.67%) उत्तरदाताओं द्वारा अपने परिवार के धार्मिक कार्यक्रमों में पण्डित को बुलाया जाता है। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाता अपने घर पर आयोजित पूजा–पाठ आदि कार्यक्रमों में पण्डितों को नहीं बुलाया जाता है। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाता अपने घर पर आयोजित पूजा–पाठ आदि कार्यक्रमों में पण्डितों को नहीं बुलाते हैं, अपितु वे स्वयं ही पूजा–पाठ संपन्न कर लेते हैं।
- अध्ययन में सम्मिलित 44 उत्तरदाताओं में से 21 (47.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार पण्डित उनके आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। 08 (18.18%) उत्तरदाताओं के अनुसार परिवार में धार्मिक कार्य के अवसर पर पण्डित उनके आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार नहीं करते हैं, जबकि 15 (34.09%) उत्तरदाताओं के अनुसार पण्डित कभी कभी ही उनके आमंत्रत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हैं। स्पष्ट है कि वाल्मीकि समाज में उत्तरदाताओं द्वारा पूजा–पाठ हेतु पण्डितों को बुलाये जाने की स्थिति में वे आ जाते हैं, किंतु वे सहज उपलब्ध नहीं होते हैं।
- 57 (19.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके समाज की धर्मशाला को अन्य जाति के लोग शादी विवाह के अवसर पर लेते हैं। सर्वाधिक 166 (55.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके समाज की धर्मशाला को अन्य जाति के लोग शादी विवाह के अवसर पर नहीं लेते हैं, जबकि 77 (25.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके समाज की धर्मशाला को अन्य जाति के लोग कभी कभी ही शादी विवाह के अवसर पर

लेते हैं। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के अनुसार अन्य वर्ग के लोगों द्वारा वाल्मीकि समाज की धर्मशाला शादी–ब्याह या अन्य अवसरों पर नहीं ली जाती है।

- अध्ययन में सम्मिलित उत्तरदाताओं ने अपनी जाति पंचायत के एक से अधिक कार्य बताये हैं। इस प्रश्न के संबंध में उत्तरदाताओं से एक से अधिक उत्तर प्राप्त हुआ है। 88 (29.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी जाति पंचायत का प्रमुख कार्य शिक्षा प्रदान करना है। 153 (51%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी जाति पंचायत का प्रमुख कार्य सांस्कृतिक है। 251 (83.66%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी जाति पंचायत का प्रमुख कार्य सामाजिक कार्यक्रमों को निभाना होता है। 209 (69.66%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी जाति पंचायतों का प्रमुख कार्य धार्मिक है। 14(4.66%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी जाति पंचायतों द्वारा अन्य कार्य किये जाते हैं। जबकि सर्वाधिक 282 (94%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी जाति पंचायतों द्वारा उक्त सभो कार्यों को संपन्न किया जाता है।
- अध्ययन में सम्मिलित 131 (43.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें अपने परम्परागत व्यवसाय को छोड़कर अन्य व्यवसाय या कार्य करने की स्वतंत्रता प्राप्त थी, जबकि 169 (56.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें अपने परम्परागत व्यवसाय को छोड़कर अन्य कार्य करने की स्वतंत्रता प्राप्त नहीं थी। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं को अपना परम्परागत व्यवसाय बदलने की स्वतंत्रता प्राप्त नहीं थी, किंतु फिर भी उन्होंने अपने पैतृक व्यवसाय को त्यागकर नवीन व्यवसाय को अपनाया है।
- अध्ययन में सम्मिलित 77 (25.67%) उत्तरदाताओं के साथ जातिगत आधार पर भेदभाव होने पर उन्होंने इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। 17 (5.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके साथ जातिगत आधार पर भेदभाव होने पर उन्होंने इसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं। जबकि सर्वाधिक 206(68.66%) उत्तरदाताओं के साथ जातिगत आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नही हुआ।
- अध्ययन में सम्मिलित जातिगत आधार पर भेदभाव किये जाने की स्थिति में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने पर 07 (09.09%) उत्तरदाताओं के अनुसार तत्काल कार्यवाही की गई। 31 (40.25%) उत्तरदाताओं के अनुसार पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने के बहुत समय पष्चात् किसी प्रकार की कार्यवाही की गई थी। 12 (15.58%) उत्तरदाताओं के अनुसार पुलिस द्वारा टालमटोल की गई, जबकि 27 (35.06%) उत्तरदाताओं के अनुसार पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के पश्चात् आंशिक रूप से किसो प्रकार की कार्यवाही की गई थी।
- अध्ययन में सम्मिलित अध्ययन में सम्मिलित 23 (29.87%) उत्तरदाताओं के अनुसार न्यायालय द्वारा उनके पक्ष में निर्णय दिया गया था। 04 (5.19%) उत्तरदाताओं के अनुसार न्यायालय द्वारा उनके विपक्ष में निर्णय दिया गया था, जबकि 50 (64.94%) उत्तरदाताओं के अनुसार प्रकरण अभी लम्बित है।
- अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक 181 (60.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें सरकार द्वारा चलाई जाने वाली सफाईकर्मी पुनर्वास योजना की जानकारी है। 38 (12.67%) उत्तरदाताओं को सफाईकर्मी पुनर्वास योजना के बारे में जानकारी नहीं ह, जबकि 81 (27.00%) उत्तरदाताओं को सफाईकर्मी पुनर्वास योजना के बारे में आंशिक जानकारी ही है।
- अध्ययन में सम्मिलित सफाईकर्मी पुनर्वास योजना की जानकारी रखने वाले 181 उत्तरदाताओं में से 69 (38.12%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्होंने इस योजना से किसी प्रकार का लाभ प्राप्त किया है, जबकि सर्वाधिक 112 (61.88%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्होंने इस योजना से किसी प्रकार का लाभ प्राप्त नहीं किया है।
- अध्ययन में सम्मिलित ऋण लेकर नवीन व्यवसाय करने वाले 61 उत्तरदाताओं में से 40 (65.58%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके ऋण की अदायगो नियमित रूप से हो रही है, जबकि 21 (34.42%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके ऋण की अदायगी नियमित रूप से नहीं हो रही है।
- अध्ययन में सम्मिलित ऋण की नियमित अदायगी नहीं करने वाले 21 उत्तरदाताओं में से 14 (66.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्होंने ऋण की राशि को अन्य कार्य में लगा दिया इसलिये ऋण की अदायगी नियमित रूप से नहीं की जा रही है। 05 (23.80%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनका व्यवसाय

ठीक नहीं चल रहा है इस कारण वे अपने द्वारा लिये गये ऋण की अदायगी नियमित रूप से नहीं कर पा रहे हैं। 02 (9.53%) उत्तरदाताओं के अनुसार वे अन्य कारणों से ऋण की अदायगी नियमित रूप से नहीं कर पा रहे हैं।

- अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक 267 (89.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मोहल्ले में विकास एवं कल्याण हेतु किसी प्रकार की संस्था कार्यरत है, जबकि 33 (11.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके मोहल्ले में कल्याण एवं विकास हेतु किसी प्रकार की संस्था कार्यरत नहीं है।
- अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक 212 (70.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार वे अपने सभी परम्परागत त्यौहारों को मनाते हैं। 05 (1.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार वे अपने सभी परम्परागत त्यौहारों को नहीं मनाते हैं, जबकि 83 (27.66%) उत्तरदाताओं के अनुसार वे अपने परम्परागत त्यौहारों को आंशिक रूप से ही मनाते हैं।
- अध्ययन में सम्मिलित 20 (06.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके अन्य जातियों के साथ खान–पान के संबंध है। सर्वाधिक 218 (72.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके अन्य जातियों के साथ खानपान के संबंध नहीं हैं, जबकि 62 (20.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके अन्य जातियों के साथ खानपान के संबंध आंशिक रूप से हैं। स्पष्ट है कि वाल्मीकि समाज के उत्तरदाताओं का अन्य समाज के लोगों के साथ खानपान के संबंध बने हुए है।
- अध्ययन मे सम्मिलित किसी भी उत्तरदाता ने यह नहीं बताया कि अन्य जाति के लोगों के यहाँ वे आते–जाते हैं। 17 (5.67%) उत्तरदाताओं ने बताया कि सिर्फ वे हमारे घर पर आते हैं। 03 (1.00%) उत्तरदाताओं ने बताया कि केवल वे उनके घर जाते हैं, जबकि सर्वाधिक 280 (93.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार दोनों ही एक दूसरे के घर नहीं आते जाते हैं। स्पष्ट होता है कि वाल्मीकि समाज के लोगों के यहाँ पर अन्य समाज के लोगों का आना जाना नहीं होता है।
- अध्ययन में सम्मिलित 122 (40.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके पिछले पाँच–दस वर्षों में भेदभाव, अत्याचार, अस्पृश्यता संबंधी विवाद हुए हैं, जबकि सर्वाधिक 178 (59.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके पाँच–दस वर्षों में इस प्रकार के कोई विवाद नहीं हुए है।
- पिछले पाँच–दस वर्षों में किसी प्रकार के विवाद होने की स्थिति बताते वाले उत्तरदाताओं में से 03 (2.45%) उत्तरदाताओं के शादी ब्याह संबंधी विवाद हुए हैं। 07 (5.74%) उत्तरदाताओं के मजदूरी संबंधी विवाद हुए है। 11 (09.01%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके महिलाओं संबंधी विवाद हुए हैं। 18 (14.75%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके सार्वजनिक स्थल के उपयोग संबधी विवाद हुए हैं। 04 (3.27%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके पानी भरने संबंधी विवाद हुए हैं। 77 (63.11%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके जाति संबंधी विवाद हुए हैं, जबकि 02 (1.64%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके अन्य प्रकार के विवाद हुए हैं। स्पष्ट है कि पिछले पाँच–दस वर्षों में उत्तरदाताओं के अधिकांश विवाद जातिगत आधार पर हुए हैं।
- पिछले पाँच–दस वर्षों में किसी प्रकार का विवाद होने की स्थिति बताने वाले उत्तरदाताओं में से 64 (52.46%) उत्तरदाताओं के अनुसार इस प्रकार के विवाद में केवल पुरूष सम्मिलित थे। 23 (18.86%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके विवाद में केवल महिलाएँ ही सम्मिलित थीं, जबकि 35 (28.68%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके इस प्रकार के विवाद में पुरूष एवं महिलाएँ दोनों ही सम्मिलित थीं।
- सर्वाधिक 287 (95.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार गैर अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा उन्हें काम पर लेने से मना किया है या कम मजदूरी दी गई, जबकि 13 (4.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके साथ गैर अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा इस प्रकार का व्यवहार नहीं किया गया। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें गैर अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा काम पर लेने से मना किया जाता है या उन्हें कम मजदूरी दी जाती है।
- सर्वाधिक 197 (65.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके बच्चों को स्कूल में अन्य जातियों के बच्चों से अलग बैठाया जाता है, जबकि 103 (34.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके बच्चों को स्कूल में अन्य

बच्चो के साथ ही बैठाया जाता है और उनसे किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। स्पष्ट होता है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के अनुसार विद्यालय में उनके बच्चों को अलग बैठाया जाता है और उनके साथ जातिगत आधार पर भेदभाव किया जाता है।

- अध्ययन में सम्मिलित 110 (36.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार को मोहल्ले में शादी ब्याह/ग्रामसभा जैसे कार्यक्रमों में अलग पंगत में बैठाकर भोजन कराया जाता है, जबकि सर्वाधिक 190 (63.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें अलग पंगत में बैठाकर भोजन नहीं कराया जाता है। स्पष्ट है शादी विवाह के अवसर या अन्य अवसरों पर सामान्यतः वाल्मीकि समाज के लोग भी साथ में बैठकर ही भोजन करते हैं, किंतु कहीं–कहीं पर आज भी इन लोगों को अलग से भोजन ग्रहण करने हेतु बैठाया जाता है।
- अध्ययन में सम्मिलित 38 (12.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी जाति पर माहल्ले में किसी प्रकार का परम्परागत प्रतिबंध है, जबकि सर्वाधिक 262 (87.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी जाति पर मोहल्ले में किसी भी प्रकार का परम्परागत प्रतिबंध नहीं है। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं को जातिगत आधार पर उनके मोहल्ले में किसी प्रकार का कोइ प्रतिबंध नहीं है। वे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से अपने निर्णय स्वयं लेते हैं।
- अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक 215 (71.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें कार्य के दौरान अस्वच्छ कार्य जैसे मरे जानवर उठाना/साफ–सफाई करने हेतु बाध्य किया जाता है, जबकि 85 (29.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें मरे जानवर उठाना/साफ–सफाई हेतु किसी प्रकार से बाध्य नहीं किया जाता है। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं को कार्य के दौरान अस्वच्छ कार्य जैसे मरे जानवर उठाना या साफ/सफाई करने हेतु बाध्य किया जाता है।
- अध्ययन में सम्मिलित परंपरागत व्यवसाय को अपनाने वाले उत्तरदाताओं में 8.02 प्रतिशत अनपढ़ हैं। 25.13 प्रतिशत साक्षर हैं, 19.25 प्रतिशत प्राथमिक स्तर तक शिक्षित हैं, 29.94 प्रतिशत उत्तरदाता माध्यमिक स्तर तक शिक्षित हैं, जबकि 17.64 प्रतिशत उत्तरदाता हाईस्कूल/हायरसेकेण्डरी स्तर तक शिक्षित हैं। स्नातक /स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षित शत प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा शिक्षक, पुलिस, प्रशासनिक सेवा एवं आईएएस/आईपीएस के रूप में अपना व्यवसाय/नौकरी की जा रही है। नवीन व्यवसाय करने वाले उत्तरदाताओं में 11.47 प्रतिशत प्राथमिक स्तर तक, 16.39 प्रतिशत माध्यमिक स्तर तक, 62.29 प्रतिशता हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी स्तर तक एवं 9.83 प्रतिशत उत्तरदाता स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक शिक्षित हैं।
- अध्ययन में सम्मिलित 18–25 वर्ष की आयु वाले 53.84 प्रतिशत उत्तरदाता शिक्षक है। 23.07 प्रतिशत उत्तरदाता पुलिस सेवा में हैं, जबकि 23.07 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवीन व्यवसाय अपना लिया है। 26–35 वर्ष की आयु वाले 5.26 प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा परंपरागत व्यवसाय किया जा रहा है। 36. 84 प्रतिशत उत्तरदाता शिक्षक हैं, 18.42 प्रतिशत, 10.52 प्रतिशत प्रशासनिक सेवा, 5.26 प्रतिशत आईएएस/आईपीएस एवं 23.68 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवीन व्यवसाय अपनाया है। 36–45 वर्ष की आयु समूह के मध्य परंपरागत कार्य करने वाले उत्तरदाताओं की संख्या 55.96 रही है। 2.43 प्रतिशत उत्तरदाता शिक्षक हैं, जबकि 10.56 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवीन व्यवसाय अपना लिया है। 55 से अधिक आयु वाले शत प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा पंरपरागत व्यवसाय किया जाता है।
- अध्ययन में सम्मिलित 245 पुरूष उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 158(64.48) उत्तरदाताओं द्वारा परंपरागत व्यवसाय किया जाता है। पुरूषों में 10.61 प्रतिशत शिक्षक, 3.68 प्रतिशत पुलिस, 1.63 प्रतिशत प्रशासनिक सेवा, 0.82 प्रतिशत आईएएस/आइपी.एस. एवं 18.78 प्रतिशत ने नवीन व्यवसाय अपनाया है। इसी प्रकार 55 महिला उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 29(52.72) उत्तरदाताओं द्वारा परंपरागत व्यवसाय किया जाता है। 14.55 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं शिक्षक, 3.64 प्रतिशत पुलिस, 1.82 प्रतिशत प्रशासनिक सेवा एवं 27.27 प्रतिशत नवीन व्यवसाय अपनाया है।
- अध्ययन में सम्मिलित पुरूषों की तुलना में महिलाओं में निरक्षरों की संख्या अधिक पाई गई महिलाओं में यह प्रतिशत 9.09 था वहीं, पुरूषों में यह प्रतिशत 4.09 था। साक्षरों में पुरूषों का प्रतिशत 17.96 रहा जो महिलाओं के प्रतिशत 5.45 से अधिक है। प्राथमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त महिलाओं का प्रतिशत 34.55 रहा जबकि पुरूषों में यह प्रतिशत 9.80 रहा। माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त पुरूषों का प्रतिशत 23.67

रहा जबकि महिलाओं में यह प्रतिशत 14.55 रहा। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्तर तक शिक्षा का प्रतिशत महिलाओं एवं पुरूषों में क्रमशः 23.67 एवं 23.63 रहा। स्नातक स्तर तक शिक्षा प्राप्त महिलाओं की तुलना में पुरूषों का प्रतिशत अधिक रहा। महिलाओं में यह प्रतिशत 12.73 था, जबकि पुरूषों में यह प्रतिशत 20.82 रहा था।

- अध्ययन में सम्मिलित 3000 रू. प्रतिमाह से कम में भी 9.33 उत्तरादाता अपना गुजर–बसर कर रहे हैं, इन उत्तरदाताओं में 2–4 सदस्यों की संख्या वाले 16.67 प्रतिशत परिवार हैं, 13.40 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में सदस्येां की संख्या 5–8 है, 1.67 उत्तरदाताओं के परिवारमें 9–12 सदस्य थे, जबकि 13.04 उत्तरदाताओं के परिवार में 13 से अधिक सदस्य हैं। 21.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं की मासिक आय 3001–6000 रू. के मध्य है, इन उत्तरदाताओं में 20 प्रतिश्ता उत्तरदाताओं के परिवार में सदस्यों की संख्या 2–4 है, 27.84 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में सदस्यों की संख्या 5–8 है, 16. 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं के परिवार में सदस्यों की संख्या 9–12 है, जबकि 17.39 प्रतिशत परिवारों में सदस्यों की संख्या 3 से अधिक है। 6001–9000 रू. प्रतिमाह आय वाले परिवारों का कुल प्रतिशत 17 रहा है, जिसमें 13.33 प्रतिशत परिवारों में सदस्यों की संख्या 2–4 रही है, 16.49 प्रतिशत परिवारों में सदस्यों की संख्या 5–8 रही है, 18.33 प्रतिशत परिवारेां में सदस्यों की संख्या 9–12 रही है, 21.74 प्रतिशत परिवारेां में सदस्यों की संख्या 13 से अधिक रही है। 9001 से 12000 रू. तक मासिक आय वाले परिवारों का प्रतिवारों का 14.67 रहा है, जिसमें 15 प्रतिशत परिवारेां में 2–4 सदस्य हैं। 1.03 प्रतिशत परिवारों में 5–8 सदस्य हैं, 27.55 प्रतिशत परिवारों में 9–12 सदस्य हैं, 4.34 प्रतिशत परिवारेां में 13 से अधिक सदस्य है। 12001–15000 रू. तक मासिक आय वाले परिवारेां का कुल प्रतिशत 12.67 रहा है, इन उत्तरदाताओं में 8.33 प्रतिशत परिवारेां में सदस्यों की संख्या 2–4 रही है, 11.34 प्रतिशत परिवारों में 5–8 सदस्य, 16.67 प्रतिशत परिवारों में 9–12 सदस्य, 8.70 प्रतिशत परिवारों में 13 से अधिक सदस्य हैं। 15001 से अधिक आय वाले परिवारों का प्रतिशत 25.33 रहा है, इनमें 26.67 प्रतिशत परिवारेा में सदस्यों की संख्या 2–4 रही है, 29.90 प्रतिशत परिवारों में सदस्यों की संख्या 5–8 रही है, 19.16 प्रतिशत परिवारेां में सदस्यों की संख्या 9–12 रही है, 34.79 प्रतिशत परिवारों में सदस्यों की संख्या 13 से अधिक रही है।
- अध्ययन में सम्मिलित 61 प्रतिशत उत्तरदाता संयुक्त परिवारेां में एवं 39 प्रतिश उत्तरदाता एकाकी परिवारेां में निवास करते हैं। संयुक्त परिवार में निवास करने वाले 26.69 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार की रहवासी दशा पहले अच्छी थी, सर्वाधिक 56.83 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी रहवासी दशा पूर्व में खराब थी, किन्तु अब अच्छी हो गई है, जबकि 17.48 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी रहवासी दशा पूर्व की तुलना में किसी प्रकार का अन्तर नहीं आया है। एकाकी परिवारों में 20.51 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनक परिवार की रहवासी दशा पूर्व में अच्छी थी, सर्वाधिक 59.83 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार की रहवासी दशा पहले खराब थी, जबकि 19.66 प्रतिशत उततरदाताओं के अनुसार उनके परिवार की रहवासी दशा में किसी प्रकार का कोई अन्तर नहीं हुआ है।
- अध्ययन में सम्मिलित 10 (03.33%) उत्तरदाताओं का वर्तमान में मुख्य व्यवसाय मैला ढोना रहा है। 18 (6.00%) उत्तरदाताओं का मुख्य व्यवसाय ड्रेनेज के माध्यम से मैला सफाई करना है। 22 (7.33%) उत्तरदाताओं का वर्तमान में मुख्य व्यवसाय रोड़ व नाली की सफाई करना है। मात्र 43 (14.33%) उत्तरदाता वर्तमान में शासकीय सफाईकर्मी हैं। 37 (12.33%) उत्तरदाता निजी रूप से सफाईकर्मी के रूप में हैं। 32 (10.67%) उत्तरदाताओं ने आज भी जागीरदारी प्रथा को अपना रखा है। 25 (8.33%) उत्तरदाता बेलदारी करते हैं। 28 (9.33%) उत्तरदाता शिक्षक हैं। 11 (3.67%) उत्तरदाता पुलिस सेवा में हैं। 05 (1.67%) उत्तरदाता राज्य प्रशासनिक सेवा में हैं। 02 (0.67%) उत्तरदाता आई.ए.एस./आई.पी. एस. हैं, जबकि 61 (20.33%) उत्तरदाताओं ने नवीन व्यवसाय अपना लिया है।
- अध्ययन में सम्मिलित परंपरागत व्यवसाय को अपनाने वाले 187 उत्तरदाताओं में से 10 (5.34) उत्तरदाताओं द्वारा मैला ढोने का कार्य किया जाता है। 18 (9.63) उत्तरदाताओं द्वारा ड्रेनेज से मैला साफ किया जाता है। 22(11.77) उत्तरदाताओं द्वारा रोड़ व नालियों की सफाई की जाती है। सर्वाधिक

43 (20.00) उत्तरदाता शासकीय सफाईकर्मी है। 37 (19.79) उत्तरदाता अशासकीय सफाईकर्मी है। 32 (17.11) उत्तरदाता भागीदारी का काम करते हैं, जबकि 25 (13.36) प्रतिशत उत्तरदाताओं द्वारा बेलदारी का कार्य किया जाता है।

- अध्ययन में सम्मिलित परंपरागत व्यवसाय का त्याग कर नवीन नौकरी/ व्यवसाय को अपनाने वाले उत्तरदाताओं का प्रतिशत परंपरागत व्यवसाय करने वाले उत्तरदाताओं की तुलना में कम रहा है। नवीन प्रतिष्ठित नौकरी या व्यवसाय करने वाले 113 उत्तरदाताओं में से 34 (30.08) उत्तरदाताओं द्वारा शिक्षक का कार्य किया जाता है। 11 (09.74) उत्तरदाताओं द्वारा पुलिस का कार्य किया जाता है 5 (4.42) उत्तरदाताओं द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के अन्तर्गत द्वितीय श्रेणी सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। 02 (1. 77) उत्तरदाता आईएएस/आईपीएस बनकर सेवाएँ दे रहे हैं, जबकि 61 (53.99) उत्तरदाताओं द्वारा नवीन व्यवसाय किया जा रहा है।
- अध्ययन में सम्मिलित 28 (9.33%) उत्तरदाताओं की मासिक आय 3000 रू. से कम है। 63 (21.00%) उत्तरदाताओं की मासिक आय 3001 से 6000 रू. के मध्य है। 51 (17.00%) उत्तरदाताओं की मासिक आय 6001 से 9000 रू के मध्य है। 44 (14.67%) उत्तरदाताओं की मासिक आय 9001 से 12000 रू. के मध्य है। 38 (12.67%) उत्तरदाताओं की मासिक आय 12001 से 15000 रू. के मध्य है, जबकि 15001 रू. से अधिक मासिक आय वाले उत्तरदाताओं की संख्या 76 (25.33%) रही है। स्पष्ट है कि अध्ययन में सम्मिलित वाल्मीकि समाज के उत्तरदाताओं की मासिक आय अत्यन्त कम है।
- 71 (23.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार पिता/दाता के समय आवास की दशा अच्छी थी, सर्वाधिक 174 (58.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार पहले आवास की दशा खराब थी, किन्तु अब अच्छी थी, जबकि 55 (18.33%) उत्तरदाताअें के अनुसार पिता/दादा के समय और आज के समय की रहवासी दशाओं के मध्य किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ है। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के अनुसार वे अभी जिस भी स्थिति में रहते हैं, उनकी आवास की दशाएँ उनके पिता/दादा के समय की आवास की दशाओं से अच्छी है।
- सर्वाधिक 147 (49.00%) उत्तरदाताओं को या उनके परिवार के सदस्यों को अन्य जाति के लोग प्रथम नाम से बुलाते हैं। 141 (47.00%) उत्तरदाताओं को या उनके परिवार के सदस्यों को अन्य जाति के लोग उपनाम से बुलाते हैं। 08 (2.67%) उत्तरदाताओं को या उनके परिवार के सदस्येां को अन्य जाति के लोग जातिगत नाम से बुलाते हैं, जबकि 04 (1.33%) उत्तरदाताओं को या उनके परिवार के सदस्यों को अन्य जाति क लोग अन्य नाम से बुलाते हैं। स्पष्ट है कि वर्तमान समय में वाल्मीकि समाज के लोगों के प्रति अन्य समाज के लोगों की धारणाओं में धीरे–धीरे सकारात्मक परिवर्तन आने लगा है, किन्तु इसकी गति अभी धीमी है।
- अध्ययन में सम्मिलित 35 (11.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनक परम्परागत व्यवसाय एवं जाति के प्रति लोगों का दृष्टिकोण परिवर्तित हुआ है। 107 (35.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परम्परागत व्यवसाय एवं जाति के प्रति लोगों का दृष्टिकोण परिवर्तित नहीं हुआ है, जबकि 158 (52.66%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परम्परागत व्यवसाय एवं जाति के प्रति अन्य जाति के लोगों का दृष्टिकोण आंशिक रूप से ही परिवर्तित हुआ है। स्पष्ट है कि वाल्मीकि समाज के लोगों के प्रति अन्य समाज के लोगों का परम्परागत दृष्टिकोण पूर्ण रूप से परिवर्तित नहीं हुआ है। आज भी अधिकांश उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें अन्य समाज के लोगों द्वारा हीन दृष्टि से ही देखा जाता है।
- अध्ययन में सम्मिलित 117 (39.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्होंने अपना परम्परागत व्यवसाय अपना रखा है। सर्वाधिक 113 (37.66%) उत्तरदाताओं ने वर्तमान समय में अपना परम्परागत व्यवसाय त्याग दिया है, जबकि 70 (23.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार वर्तमान में उन्होंने अपना परम्परागत व्यवसाय आंशिक रूप से अपना रखा है।
- अध्ययन में सम्मिलित वे उत्तरदाता जिन्होंने वर्तमान समय में भी अपने परम्परागत व्यवसाय को अपना रखा है उनमें से 28 (14.95%) उत्तरदाताओं के अनुसार गरीबी के कारण वे अपने परम्परागत व्यवसाय को त्याग नहीं पाये हैं। 56 (28.92%) उत्तरदाताओं के अनुसार अशिक्षा के कारण वे अपने परम्परागत

व्यवसाय को त्याग नहीं पाये हैं। 61 (34.26%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्हें अन्य कोई कार्य नहीं मिल पाने के कारण वे अपने परम्परागत व्यवसाय को नहीं त्याग पाये, जबकि 42 (23.60%) उत्तरदाता उक्त सभी कारणों से अपने परम्परागत व्यवसाय को त्याग नहीं पाये हैं।

- अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक 187 (62.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्होंने वर्तमान समय में अपने परम्परागत व्यवसाय को नहीं बदला है, जबकि 113 (37.67%) उत्तरदाताओं ने अपने परम्परागत व्यवसाय को परिवर्तित कर लिया है।
- अध्ययन में सम्मिलित अपना परम्परागत व्यवसाय बदलने वाले उत्तरदाताओं में से 10 (8.19%) उत्तरदाताओं के अनुसार पूर्व व्यवसाय अलाभकारी होने के कारण उन्होंने बदला परम्परागत व्यवसाय बदला है। 09 (7.38%) उत्तरदाताओं के अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर उन्होंने अपना परम्परागत व्यवसाय बदला है। 07(5.74%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्होंने आरक्षण का लाभ लेकर अपने परम्परागत व्यवसाय को बदला है। 46(37.71%) उत्तरदाताओं को सरकारी नौकरी प्राप्त होने के कारण उन्होंने अपने परम्परागत व्यवसाय को बदला है। 5(4.09%) उत्तरदाताओं के अनुसार उन्होंने संचार एवं यातायात के साधनों का विस्तार होने के कारण अपने परम्परागत व्यवसाय को परिवर्तित किया है, जबकि 27(22.13%) उत्तरदाताओं ने हीनभावना से ग्रसित होकर अपने परम्परागत व्यवसाय को परिवर्तित किया है।
- नवीन व्यवसाय अपनाने वाले 61 उत्तरदाताओं में से मात्र 35(57.37%) उत्तरदाताओं ने अपने व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। 11(18.03%) उत्तरदाताओं ने अपने व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है, जबकि 15(24.59%) उत्तरदाताओं ने अपने व्यवसाय का प्रशिक्षण आंशिक रूप से प्राप्त किया है।
- व्यवसाय प्रशिक्षण लेने वाले उत्तरदाताओं में से 19(38.00%) उत्तरदाताओं द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त किया गया था। 31(62.00%) उत्तरदाताओं द्वारा उत्पादन संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त किया गया था, जबकि कृषि एवं अन्य राजगार संबंधी प्रशिक्षण किसी भी उत्तरदाता ने प्राप्त नहीं किया है।
- अध्ययन में सम्मिलित सर्वाधिक 274 (91.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार के सदस्य एक ही स्थान से गैर–जाति के लोगों के साथ पानी नहीं भरते हैं। 21 (7.00%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार के सदस्य एक ही स्थान से गैर जाति के लोगों के साथ पानी भरते हैं, जबकि 05 (1. 67%) उत्तरदाताओं के अनुसार कभी कभी ही उनके परिवार के सदस्य एक ही स्थान से गैर जाति के लोगों के साथ पानी भरते हैं।
- मात्र 23 (7.67%) उत्तरदाताओं के परिवार में किसी महिला सदस्य द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त की गई थी, जबकि सर्वाधिक 277(92.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार में किसी भी महिला सदस्य ने उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं की है। स्पष्ट है कि वाल्मीकि समाज के उत्तरदाताओं के परिवार में महिलाओं द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं की जाती है।
- परिवार में किसी महिला द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाने के कारणों में उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि 60 (21.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार की महिलाओं ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी। सर्वाधिक 141 (50.91%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके परिवार की महिलाओं को घर के लोगों ने आगे पढ़ने नहीं दिया। 43 (15.52%) उत्तरदाताओं के अनुसार महिलाओं की शादी हो जाने के कारण वे उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकीं। 24 (8.66%) उत्तरदाताओं के अनुसार कॉलेज घर से दूर होने के कारण वे उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकी, जबकि 09 (3.24%) उत्तरदाताओं के अनुसार महिलाओं द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाने के अन्य कारण रहे हैं।
- परम्परागत व्यवसाय को त्यागकर नवीन व्यवसाय/नौकरी करने वाले 111(90.99%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। 11(9.01%) उत्तरदाताओं के अनुसार नवीन व्यवसाय/नौकरी को अपनाने के पश्चात् उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही हुआ है, जबकि नवीन व्यवसाय/नौकरी को अपनाने के पश्चात् सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में नकारात्मक परिवर्तन बताने वाले उत्तरदाताओं की संख्या शून्य रही है।

स्पष्ट है कि अपने परम्परागत व्यवसाय को त्यागकर नवीन व्यवसाय अपनाने वाले अधिकांश उततरदाताओं के अनुसार उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पूर्व से अधिक अच्छी हुई है।

- नवीन व्यवसाय को अपनाने वाले 61 उत्तरदाताओं में से सर्वाधिक 46(75.40%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनकी आमदनी पूर्व के व्यवसाय की तुलना में अधिक है, जबकि 15(24.60%) उत्तरदाताओं के अनुसार उनके नवीन व्यवसाय की आमदनी पूर्व की आमदनी से कम है। स्पष्ट है कि अपने पैतृक व्यवसाय को त्याग कर नवीन व्यवसाय अपनाने वाले उत्तरदाताओ की आर्थिक स्थिति में पूर्व की आर्थिक स्थिति में पूर्व की अपेक्षा अधिक सकारात्मक परिवर्तन हुआ है।
- 38(12.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार विवाह/मृत्यु के अवसर पर दोनों एक दूसरे के घर आते–जाते हैं। 25(8.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार केवल वे ही हमारे घर आते है। 20(6.67%) उत्तरदाताओं के अनुसार केवल हम उनके यहाँ जाते हैं, जबकि सर्वाधिक 217(72.33%) उत्तरदाताओं के अनुसार दोनों ही एक दूसरे के यहाँ नहीं आते जाते हैं। स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाताओं के अनुसार विवाह/मृत्यु के अवसर पर भी अन्य समाज के लोगों का उनके यहाँ पर आना जाना नहीं होता है।

निष्कर्षतः कह सकते हैं कि वर्तमान समय में शिक्षा, जागरूकता एवं सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप वाल्मीकि समाज में सामाजिक एवं आर्थिक गतिशीलता देखने को मिलती है, हालाँकि इसकी गति अत्यन्त धीमी है। वाल्मीकि समाज की गतिशीलता में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षा प्राप्त कर वाल्मीकि समाज के युवक–युवतियों द्वारा सरकारी नौकरी एवं रोजगार को अपनाया जा रहा है, जिससे उनमें सामाजिक एवं आर्थिक गतिशीलता हुई है। इसके साथ ही अपने परम्परागत व्यवसाय को त्यागकर नवीन राजगार अपनाने के कारण भी उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। औद्योगीकरण एवं नगरीकरण के परिणामस्वरूप वाल्मीकि समाज पर लादी गई प्राचीन निर्योग्यताओं में कमी आने लगी है।

सुझाव

शोधार्थी द्वारा वाल्मीकि समाज की प्रस्थिति एवं गतिशीलता का अध्ययन वैज्ञानिक शौध पद्धति द्वारा किया गया जिससे महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आये प्रस्थिति एवं गतिशीलता में परिवर्तन हेतु आ रही समस्याओं के समाधान हेतु महत्वपूर्ण सुझाव व तथ्यात्मक विश्लेषण पर सामने आए जो इस प्रकार है–

1. अध्ययन में पाया गया कि वाल्मीकि परिवारों के बच्चों के साथ स्कूल में भेदभाव होता है। प्राचार्य व अध्यापकों आदि को निर्देश दिया जाना चाहिए कि बच्चों के साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो तथा वाल्मीकि समाज के बच्चों को शिक्षा से संबंधित समस्त सामग्री निःशुल्क या कम कीमत पर उपलब्ध करायी जानी चाहिए।

2. अध्ययन में पाया गया कि वाल्मीकि समाज के अधिकांश बच्चे सरकारी स्कूल में ही पढ़ाई करते है। इन परिवारों के बच्चों को बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ाये जाने के लिए औपचारिकता सरल की जाए।

   प्रत्यक्ष अवलोकन के आधार पाया गया कि जिन परिवारों के पास गरीबी रेखा के कार्ड नहीं है, उनके बच्चों को स्कूल में एडमिशन नहीं मिल पाता है। गरीबी रेखा, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि बनवाने की प्रक्रिया सरल की जाए साथ ही साथ इसका दुरूपयोग होने से रोका जाए।

3. वाल्मीकि समाज क लोग अपनी लड़कियों की शादी जल्दी कर देते है। या घर से पढ़ने नहीं दिया जाता आदि कारण है। बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्ति हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बच्चों को वर्तमान में प्राप्त हो रही छात्रवृत्ति की दर को बढ़ाया जाना चाहिए।

4. वाल्मीकि समाज के लोगों में शिक्षा का अभाव पाया गया है। अतः इन्हें प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र के माध्यम से शिक्षित किया जाना चाहिए। अज्ञानता, अशिक्षा व संकीर्ण विचारधारा में परिवर्तन हेतु राष्ट्रीय साक्षरता अभियान जैसे कार्यक्रम चलाये जाने चाहिए तथा शिक्षा के प्रसार को जन आंदोलन का रूप दना चाहिए जिससे उनमें आत्मविश्वास प्रस्फुटित हो साथ ही निर्णय लेने की क्षमता भी महिलाओं के अंतर्गत जागृत हो।

5. वाल्मीकि समाज के अधिकांश लोगों ने अपना परम्परागत व्यवसाय का त्याग नहीं किया है। परम्परागत व्यवसाय से अलग करने हेतु वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराना चाहिए। शासकीय एवं अशासकीय स्तर पर प्रेरित किया जाना चाहिए।

प्रत्यक्ष अवलोकन में पाया गया कि वाल्मीकि समाज के लोगों के मन वैकल्पिक व्यवसाय अपनाते समय भय रहता है कि हमारे हाथ से व हमारे द्वारा अन्य वर्ग उत्पाद लेगा अथवा नहीं इस भय को दूर करने व व्यवसाय के लिए दकान आदि की व्यवस्था निगम के माध्यम से उपलब्ध करा कर सही रूप में व्यवसाय परिवर्तन में मदद करना चाहिए।

6. अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरक्षण व सहयोग नही किया जाता योजनाओं में भ्रष्टाचार व राजनीतिकरण पर अंकुश लगाना चाहिए, जितना समय योजनाओं को क्रियान्वयन में लगता है। भ्रष्टाचार उतना ही अधिक बढ़ जाता है अतः प्रक्रिया सरल तथा जल्द से जल्द प्रदान किया जाना चाहिए।

7. अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना चाहिए ताकि कार्यों में पारदर्शिता आए व वाल्मीकि परिवारों को योजनाओं का लाभ व्यवस्थित रूप से, सही समय पर सही व्यक्ति को मिल सके।

8. सरकार की नवीनतम लाभकारी नीतियों, कार्यक्रमों एवं आर्थिक सुविधाओं की जानकारी केवल अनुसूचित जाति के उच्च शिक्षित सदस्यों को ही ठीक से है। एवं वे ही इन सरकारी सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठा पाते है। जबकि इन सुविधाओ की सर्वाधिक आवश्यकता गरीब एवं बेरोजगार व्यक्तियों की है।

लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक है कि केन्द्र एवं राज्य स्तर की अनुसूचित जाति से संबंधित योजनाओं की जानकारी सही और निष्पक्ष तरीके से स्वयं सरकार द्वारा जनता को दी जानी चाहिए इसके लिए संचार माध्यमों के द्वारा अधिक से अधिक प्रचार प्रसार होना चाहिए।

9. वाल्मीकि समाज के जो लोग अपना परंपरागत व्यवसाय त्यागकर अन्य नवीन व्यवसाय प्रारंभ करना चाहते है। उन लोगों को व्यवसाय का समुचित प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए उन्हें बिना ब्याज दर ऋण उपलब्ध कराया जाना चाहिए जा लोग किसी कारण नौकरी नहीं कर पाये है उन्हें व्यवसाय करने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।

10. नवीन व्यवसाय का प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके वाल्मीकि समाज के लोगों को भविष्य में यदि अपने व्यवसाय से संबंधित किसी प्रकार की कठिनाई आती है, तो उसका समाधान भी त्वरित रूप से किया जाना चाहिए।

11. वाल्मीकि समाज की महिलाओं की घरेलू उद्योग प्रारंभ करने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए उद्योग प्रारंभ होने पर उनके द्वारा उत्पादित माल को सरकार द्वारा क्रय किया जाना चाहिए।

12. अन्य जाति के लोगों को चाहिए कि वे वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं करे, उनकी परम्परागत मानसिकता में परिवर्तन लाना चाहिए। जातिगत आधार पर भेदभाव किये जाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध तुरंत कठोरतम दण्ड का प्रावधान होना चाहिए।

प्रत्यक्ष अवलोकन में पाया गया कि उच्च जाति के सदस्यों की एक आम धारणा है कि अनुसूचित जाति के उच्चधिकारी अयोग्य एवं अमर्थ है तथा बुद्धि एवं जानकारी में पिछड़े हुए है लेकिन आरक्षण के कारण उच्च पद प्राप्त करने में सफल रहे है।

प्रत्यक्ष अवलोकन में यह भी पाया गया कि सामाजिक आर्थिक एवं व्यवसायिक दृष्टि से विकसित वाल्मीकि समाज के सदस्य अपनी जाति एवं समुदाय की अपेक्षा उच्च जातियों के अधिक निकट आना चाहते है तथा अपनी जाति का नाम तक बताने में शर्म एवं संकोच का अनुभव करते है।

13. अध्ययन में पाया गया कि अनुसूचित जातियों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति को सुधारने में शिक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण कारक है यही वजह है कि वाल्मीकि समाज के सदस्य भी उन परम्परागत व्यवसायों को जो निम्न प्रस्थिति कम आमदनी एवं घृणा के प्रतीक है, त्यागकर अन्य स्वच्छ एवं सम्मानजनक व्यवसाय अपनाने लगे है तथा अपनी संतानों को भी परम्परागत व्यवसाय दिलाने के पक्ष में नहीं है।

14. सरकार को वाल्मीकि समाज के लोगों की दशा सुधारने हेतु सस्ते आवास उपलब्ध कराने चाहिए परम्परागत शौचालयों के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाइन युक्त शौचालय का निर्माण किया जाना चाहिए।

15. कोई भी नई कॉलोनी काटने पर जिसमें एस.सी./एस.टी.के लिए आरक्षित मकान होते है उनमें भी कुछ आरक्षण अलग से वाल्मीकि समाज को दिया जाना चाहिए जिससे वे अपनी बस्तियों से निकलकर बाहर रहने लगे।

16. वाल्मीकि समाज के परिवारों की आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ़ नहीं होती है कि वे स्वयं की आवश्यकताओं के अनुरूप मकान निर्मित कर सकें सरकार को बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध करना चाहिये।

17. वाल्मीकि समाज के उत्तरदाताओं को शोचालय निर्माण हेतु जागरूक किया जाना चाहिए साथ ही राज्य सरकारों को नये शासकीय शोचालय सर्व सुविधायुक्त बनवाने चाहिये।

18. वाल्मीकि समाज के विकास एवं कल्याण में काम करने वाली संस्था को सरकार द्वारा पुरस्कृत किया जाना चाहिए जिससे अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिलें।

19. वाल्मीकि पंचायत के वरिष्ठ सदस्य को सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण एवं शिक्षा में जागरूकता कम उम्र में लड़कियों की शादी एवं स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं एवं उनकी योजनाओं की जानकारी समय समय पर दी जानी चाहिये जिससे वे विकासात्मक कार्य के लिए आवश्यक कदम उठा सके तथा जन जागरूकता व जन सहभागिता में वृद्धि हेतु उचित भूमिका निभा सके तथा प्रशिक्षण में नई तकनीक व संचार व्यवस्था का प्रयोग करना चाहिए।

20. वाल्मीकि समाज के लोग अपना परम्परागत व्यवसाय त्याग नहीं कर पा रहे है। सरकार को अनुसूचित जाति में वाल्मीकि जाति को अति पिछड़ी हुई जाति घोषित कर सरकार द्वारा परम्परागत व्यवसाय से मुक्ति दिलाने हेतु विशेष प्रयास करने चाहिये।

21. वाल्मीकि समाज के परिवारों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नही है कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ ले सके लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य–सुविधाएं एवं दवाईयां प्रदान की जानी चाहिए।

प्रत्यक्ष अवलोकन में पाया गया कि वाल्मीकि परिवार के सदस्य जो सफाई कार्य में संलग्न है। सफाई के दौरान उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है जैसे घंटों पानी में काम करना जिसेस गठिया, जुखाम (ठंडाई से संबंधित बिमारियां) अस्थमा मुँह में धुल मिट्टी घूस जाती है। ऐसिट की वजह से आँखों की रोशनी कम या चली जाती है। हाथ, पैर जल जाते है। ड्रेनेज में उतर कर काम करने वालों की दूषित गैस आदि वजह से मर जाते है। सरकार उन्हें मुआवजा भी नहीं देती है। सफाई में संलग्न व्यक्तियों का जीवन बीमा व मेडिक्लेम सुविधा सरकार की ओर से किया जाना चाहिए।

22. सरकार द्वारा वाल्मीकि समाज के लोगों के पुनर्वास हेतु नवीन योजनाओं को क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

23. वाल्मीकि समाज के लोगों को वर्तमान में प्राप्त आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाया जाना चाहिए। वाल्मीकि समाज के परिवार में से कम से कम एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी सफाई व्यवसाय से इत्तर प्रदान की जानी चाहिए।

24. वाल्मीकि समाज के लोगों को राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने हतु शासकीय एवं अशासकीय प्रयास किये जाने चाहिए तथा समाज की राजनैतिक सहभागिता तय करने के लिए उनके लिए सिटों का आरक्षण अलग से किया जाना चाहिए जिससे नेतृत्व उभरने में सहायता मिले।

वाल्मीकि समाज की वास्तविक सशक्तिकरण के लिए उनमें नेतृत्व क्षमता व संचार प्रवीणता के विकास की जरूरत है। हरित क्रांति, संचार एवं सूचना के साधनों (इल्ट्रॉनिक मीडिया के कवरेज, मोबाईल के इस्तेमाल आदि) के विकास की बदौलत हुए आधुनिकरण के बावजूद भारत के शहरी व ग्रामीण समाज में जातिवाद संबंधित मानसिकता अभी भी जारी है वाल्मीकि समाज इससे और भी अधिक पीड़ित है इसकी समाप्ति के लिए

एक सामाजिक आंदोलन चलाने जाना चाहिए। सिविल सोसाइटी, सामाजिक आंदोलन को चलाने के लिए एकजूट होकर प्रयास कर सकती है।

इस दिशा में विद्वानों, मीडिया, स्वयं सेवी संस्थाओं और स्वयं वाल्मीकि समाज के पढ़े लिखे और प्रभुत्व वर्ग द्वारा एक असरदार भूमिका निभाती चाहिए।

अंतिम किंतु सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब तक अमूल चूक बदलाव के जरिये शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जाति से संबंधित सामाजिक, आर्थिक, आधार में तब्दीली नहीं लाई जाती तब तक शासन के प्रयास निरर्थक ही साबित होगे। अतः वास्तविक रूप से वाल्मीकि समाज में सशक्तिकरण और गतिशीलता लाने के लिए संपूर्ण सामाजिक संरचना में परिवर्तन करना आवश्यक है।

अन्ततः स्वयं वाल्मीकि समाज को डॉ. आम्बेडकर की विचारधारा के अनुरूप एक सशक्त सामाजिक व धार्मिक क्रांतिकारी आंदोलन चलाना होगा व उसी अनुरूप समाज को एक नई दिशा देनी होगी। अपने परम्परागत जातिगत व्यवसाय को छोड़ना होगा तभी डॉ. आम्बेडकर के सपनों के अनुरूप एक समतामुलक समाज का निर्माण संभव हो सकेगा।

पीएच.डी. शोध कार्य जारीः—

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 1 : भील जनजाति में शैक्षणिक गतिशीलता : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (इंदौर जिले के आदिवासी बाहुल्य विकासखण्ड मानपुर के विशेष संदर्भ में)

अध्ययन के उद्देश्य :—

1. भोल जनजाति की वर्तमान सामाजिक संरचनाओं, परम्पराओं एवं मान्यताओं का अध्ययन करना ।
2. शैक्षणिक गतिशीलता के फलस्वरूप उनकी सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक स्थिति में हुए परिवर्तनों का अध्ययन करना।
3. सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक परिवर्तनों हेतु उत्तरदायी कारकों का आंकलन करना।
4. भोल समाज की सामाजिक व्यवस्था एवं मूल्यों पर शैक्षणिक गतिशीलता के प्रभाव का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि :—

1. **अध्ययन का क्षेत्र :—**
   प्रस्तुत शोध हेतु मध्यप्रदेश के इंदौर जिले का चुनाव किया गया।
2. **अध्ययन का समग्र :—**
   अध्ययन के समग्र से तात्पर्य उस समूह अथवा जनसंख्या से हैं, जिसमें स निदर्शन का चुनाव किया जाता है। प्रस्तुत अध्ययन के समग्र में इंदौर जिले के आदिवासी बाहुल्य भोल जनजाति के लोगों तथा उनके परिवारों का चयन किया जाएगा।
3. **अध्ययन की इकाई :—**
   अध्ययन की ईकाई के रूप में इंदौर जिले के आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक मानपुर के भोल जनजाति के लोग तथा उनके परिवार हैं।
4. **निदर्शन विधि :—**
   समग्र की इकाईयां जो समग्र का उचित प्रतिनिधित्व करें, जिनमें समग्र की आधारभूत विशेषताऐं विद्यमान हो, निदर्शन कहलाती हैं।
   प्रस्तुत अध्ययन के अंतर्गत शोध की प्रकृति एवं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए इंदौर जिले के आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक मानपुर के 11 चिन्हित भोल जनजाति वाले ग्रामों म से 220 परिवारों का दैव निदर्शन विधि द्वारा चुनाव किया जाएगा।

कार्य प्रगति :— प्राथमिक तथ्यों को एकत्रित किया गया एवं प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण कार्य जारी है।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 2 : वाल्मिकी समाज की प्रस्थिति एवं गतिशीलता का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन (मध्यप्रदेश के जिला इन्दौर के विशेष संदर्भ में एक अध्ययन)

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अध्ययन क्षेत्र में स्थित वाल्मिकी समाज की सामाजिक प्रस्थिति का मूल्यांकन करना।
2. वाल्मिकी समाज की सामाजिक गतिशीलता का आंकलन करना।
3. वाल्मिकी समाज की तुलनात्क प्रस्थिति एवं गतिशीलता का अध्ययन करना।
4. वाल्मिकी समाज की तुलनात्मक प्रस्थिति का इन्दौर क्षेत्र की सामाजिक संरचना के संदर्भ में अध्ययन करना।
5. वाल्मिकी समाज की प्रस्थिति एवं गतिशीलता में अन्तर के कारणो का अध्ययन करना।
6. वाल्मिकी समाज की सामाजिक प्रस्थिति का परम्परागत जाति व्यवस्था के सन्दर्भ में अध्ययन करना।

प्रगति रिपोर्ट :– प्राथमिक तथ्य एकत्रित कर तथ्यों का विश्लेषण कार्य जारी है।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 3 : विशेष पिछड़ी जनजातियों में सामाजिक परिवर्तन एवं विकास की प्रक्रियाएं एवं प्रतिमान (मध्यप्रदेश की बैगा, भारिया एवं सहरिया जनजाति की शासकीय नीति एवं कार्यक्रमों के विशेष सन्दर्भ में तुलनात्मक अध्ययन)

अध्ययन के उद्देश्य –

1. विशेष पिछड़ी जनजातियों की प्रस्थिति एवं विशेषताओं का अध्ययन करना।
2. मध्यप्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास में शासकीय नीति एवं कार्यक्रमों के फलस्वरूप हो रहे सामाजिक परिवर्तन एवं विकास का अध्ययन करना।
3. विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों में सामाजिक विकास हेतु प्रभावी कारकों एवं प्रतिमानों का अध्ययन करना।
4. विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के सामाजिक परिवर्तन एवं विकास को प्रभावित करने वाली नीतियों एवं योजनाओं का अध्ययन करना ।
5. विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास हेतु उपयुक्त सम्भावनाओं एवं सुझावों को प्रस्तुत करना।

अध्ययन का क्षेत्र –

मध्यप्रदेश राज्य वनीय सम्पदा से जाना जाता है और अधिकतर वनीय क्षेत्रों में जनजातीय समूह निवास करती है। 46 जनजातियाँ मध्यप्रदेश में नामांकित हैं जिसमे से विशेष पिछड़ी जनजातियां सहरिया, बैगा, एवं भारिया को चिन्हित किया गया है। मध्यप्रदेश में 20.27 प्रतिशत (जनगणना 2001) अनुसूचित जनजातियाँ निवास करती हैं। मध्यप्रदेश में सहरिया, बैगा एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजातियों का अध्ययन का क्षेत्र निम्न है :–

1. ग्वालियर जिले की डबरा तहसील 2. बालाघाट जिले की बैहर तहसील 3. छिन्दवाड़ा जिले की तामिया तहसील प्रस्तुत अध्ययन का प्रस्तावित अध्ययन क्षेत्र है।

अध्ययन का समग्र –

अध्ययन क्षेत्र मे निवासरत् समस्त् विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया, बैगा एवं भारिया जनजातीय परिवार अध्ययन के समग्र हैं।

अध्ययन की इकाई –

विशेष पिछड़ी जनजातियां सहरिया, बैगा एवं भारिया जनजातीय परिवार अध्ययन की इकाई है।

शोध प्रगति विवरण –

पंजीयन के बाद शोध संक्षेपिका में तुलनात्मक अध्ययन का मार्गदर्शन दिया गया। जिसके आधार पर कार्य किया जा रहा है। छः माह का कोर्स वर्क जनवरी 2013 से मई 2013 के बीच देवी अहिल्या वि.वि., इन्दौर में अध्ययन किया। साक्षात्कार अनुसूची तथा ग्राम अवलोकन की प्रारम्भिक जानकारी के लिए क्षेत्र का भम्रण

किया। अनुसूची मे संशोधन कर पुनः ग्वालियर एवं छिन्दवाड़ा का फील्ड वर्क किया। अभी तक 3 शोध पत्र लिखे जा चुके है। सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन किया जा रहा है तथा फील्ड वर्क द्वारा जानकारी एकत्रित करने का कार्य जारी है। पिछड़ी जनजातिया की सामाजिक पृष्ठभूमि मे वैश्वीकरण का प्रभाव दिखाई देने लगा है। मोबाईल, टी.वी., आधुनिक वस्त्र तथा वाहनो की आवाजाही बढ़ी है। स्कूलो में दाखिला है लेकिन घर के कार्यो तथा मजदूरी के लिए बच्चो की मदद ली जाती है जिससे प्राथमिक शिक्षा मे नैतिक विकास का अभाव दिखाई पड़ता है।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 4 :आरक्षण के फलस्वरूप अनुसूचित वर्गो की शासकीय नौकरी पेशा महिलाओं की सामाजिक – आर्थिक प्रस्थिति एवं भूमिका में हो रहे परिवर्तन का समाजशास्त्रीय अध्ययन (मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के विशेष संदर्भ में)

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. आरक्षित वर्गो में शासकीय नौकरी पेशा महिलाओं की सामाजिक–आर्थिक प्रस्थिति की विशेषताओं का अध्ययन करना।
2. आरक्षित वर्गो की नौकरी पेशा महिलाओं की प्रस्थिति एवं भूमिका को प्रभावित करने वाले कारणों का अध्ययन करना।
3. आरक्षित वर्गो की महिलाओं में आरक्षण लाभ पूर्व एवं पश्चात् आये सामाजिक–आर्थिक परिवर्तनों का विश्लेषण करना।
4. आरक्षण के फलस्वरूप शासकीय नौकरी पेशा महिलाओं की पारिवारिक भूमिका एवं निर्णय लेने की क्षमता में हुए परिवर्तन का अध्ययन करना।
5. आरक्षण आधारित महिला सशक्तिकरण की प्रक्रिया एवं उसके फलस्वरूप आये सामाजिक परिवर्तन का अध्ययन करना।

प्रगति रिपोर्ट :– साहित्य का पुनरावलोकन, साक्षात्कार अनुसूची का निमार्ण कार्य जारी है।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 5 : भारिया जनजाति के आर्थिक एवं सामाजिक विकास का समालोचनात्मक अध्ययन (तामिया, पातालकोट विकासखण्ड के विशेष संदर्भ में)

प्रस्तावना :

मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर एक स्थान जो पातालकोट के नाम से प्रसिद्ध है, जो मानव संस्कृति एवं सभ्यता की मान्यताओं से जुड़ी दो जनजातीयों भारिया एवं गोण्ड को समेटे हुए है। यह 79 वर्ग किलोमीटर का ऐसा क्षेत्र है जिसकी संरचना एक कटोरे के समान है। चारों ओर से ऊँची–ऊँची पहाड़ियों में गड्ढे जसा यह समतल क्षेत्र पातालकोट के नाम से जाना जाता है तथा 1200–1600 फिट की गहराई पर स्थित है। भारत में पहाड़ के ऊँचे से ऊँचे स्थानों पर कई जनजातियाँ रहती आई है लेकिन धरती के इतने नीचे रहने वाली केवल भारिया जनजाति है। पातालकोट को छोड़कर शेष जनजातियां भूमियों, भारिया, भइयाँ, भूंइहार और अन्य जनजातियों के लोग जंगलों और मैदानों में ऊँची जगह में निवास करते है। पातालकोट के भारिया ऊपर रहने वाले लोगों के लिए सदैव आकर्षण का केन्द्र रहा है। सन् 2011 के आंकड़े के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य की कुल जनसंख्या 72, 597,565 है। जनजातीय समुदाय की जन संख्या का 21.07 प्रतिशत है (जनगणना 2011)। 46 जनजातियां संवैधानिक प्रावधानों द्वारा नामांकित है।

सहरिया, बैगा एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजाति (Primitive Tribal group & Most Vulnurable group) में चिन्हित है जिन्हें पूर्व में आदिम जनजाति भी कहा गया। भारतीय संविधान की पांचवी अनुसूची के अधिकारों और आदिवासी क्षेत्र के हितों के संरक्षण व संवर्धन के लिए मध्यप्रदेश शासन प्रतिबद्ध है इस समूह के लिए मध्यप्रदेश में विशेष प्राधिकरण एवं योजनाएं चलाई गई है मध्यप्रदेश में विशेष जनजाति की कुल जनसंख्या 5,50,608 (जनगणना 2001) हैं ।

सहरिया 1,31,425, बैगा 4,17,171 भारिया 2,012 उक्त तीनों विशेष जनजातियों की तुलना करने पर पाया गया कि बैगा जनजाति, सहरिया जनजाति की अपेक्षा भारिया जनजाति की जनसंख्या 2,012 (जनगणना 2001) बहुत ही कम है। विशेष पिछड़ी जनजाति की पहचान के कुछ मापदण्ड सुनिश्चित किए गए है जो निम्न नुसार हैं:

(अ) कृषि में पूर्व प्रोद्योगिकी

(ब) साक्षरता का न्यूनतम स्तर

(स) अत्यंत पिछड़े एवं दूरदराज के क्षेत्रों में निवास करना।

(द) स्थिर या घटती जनसंख्या

भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश की अनुसूचित जनजाति की सूची में तीन विशेष पिछड़ी जनजातियां बैगा, भारिया एवं सहरिया को रखा गया है। मध्यप्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास हेतु योजनाऐं बनाने एवं क्रियान्वयन हेतु 11 अभिकरण कार्यरत है। जिनका कार्यक्षेत्र 15 जिलों में है। इन विशेष पिछड़ी जनजातीयों के विकास हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा जो अभिकरण गठित किये गये उनमें भारिया विकास अभिकरण का मुख्यालय तामिया (पातालकोट) जिला छिन्दवाड़ा में है। तामिया विकासखण्ड के पातालकोट क्षेत्र में 12 आबाद ग्राम है। वर्ष 2004 में किये गये सर्वेक्षण के अनुसार पातालकोट की कुल जनसंख्या 2,786 पाई गयी इसमें भारिया जनजाति की जनसंख्या 2,135 है, जिसमें 1,060 पुरूष एवं 1,075 महिलाएं है। वर्ष 2009 माह मई में भारिया परिवार का पुनः सर्वेक्षण कराया गया जिसके अनुसार भारिया परिवारों की संख्या 503 एवं पातालकोट की कुल भारिया जनजाति की जनसंख्या 2,561 पाई गई। जो भारिया परिवारों की जनसंख्या में वृद्धि दर्शाता है।

शोध समस्या का चयन :

प्रस्तुत शोध मध्यप्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह जिसके अन्तर्गत सहरिया, बैगा, भारिया जनजाति समूह आते है, इन समूहों में से भारिया जनजाति के पूर्व अध्ययन बताते है कि भारिया अपनी विशिष्ट सामाजिक परिस्थितिकीय स्थितियों के कारण अतिसंरक्षित (Most vulnurable group) है। यह जनजाति दुर्गम स्थान में निवासरत होने के कारण अन्य समुदायों से इनका सम्पर्क ज्यादा नहीं हो पाता है। विकास नीति हाने के बावजूद भी यह जनजाति सामाजिक एवं आर्थिक रूप से कमजोर है।

भारिया जनजातियों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के प्रभाव का अध्ययन करना है, जिससे भारिया जनजाति की सामाजिक व आर्थिक स्थिति को समझने एवं इनके सांस्कृतिक प्रतिमानों में आये परिवर्तनों को उजागर करने तथा विकास में आ रही समस्याओं को समझकर समाधान प्रस्तुत करने हेतु शोध समस्या का चयन किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य :

1. भारिया जनजातियों की वर्तमान आर्थिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. भारिया जनजातियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास का अध्ययन करना।
3. भारिया जनजातियों के सामाजिक एवं आर्थिक प्रस्थिति एवं विकास पर प्रभाव डालने वाले कारकों का अध्ययन करना।
4. पातालकोट क्षेत्र की परम्परागत जनजातीय सामाजिक संरचना एवं संस्थाओं का अध्ययन करना।
5. जनजातियों की सामाजिक संस्थाओं के परम्परागत स्वरूप में आये परिवर्तन का अध्ययन करना।
6. भारिया जनजाति के विकास हेतु वर्तमान में संचालित योजनाओं के प्रभावों का अध्ययन करना।

अध्ययन की प्रासंगिकता :–

1. भारिया जनजातियों की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक स्थिति की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।
2. भारिया जनजातियों के आर्थिक विकास के वर्तमान स्वरूप की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।
3. जनजातियों की सामाजिक संस्थाओं के परम्परागत स्वरूप में आये परिवर्तनों की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

4. जनजातीय समूह के सामाजिक विकास के प्रारूप सामने आ सकेंगे जिसमें अतिसंरक्षित जनजातियों के लाभार्थ राज्य और अधिक पभावी योजना बना सकेगा।
5. भारिया जनजाति का आकार एवं विस्तार ज्ञात हो सकेगा।

शोध प्रविधि :

अध्ययन का अभिकल्प – शोध कार्य की प्रकृति को देखते हुये वर्णनात्मक शोध अभिकल्प के आधार पर अध्ययन कार्य किया जायेगा।

अध्ययन का क्षेत्र – मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा जिले के तामिया विकासखण्ड के पातलकोट क्षेत्र अध्ययन का क्षेत्र होगा ।

अध्ययन का समग्र – अध्ययन क्षेत्र में निवासरत समस्त भारिया जनजातियों के परिवार अध्ययन का समग्र होंगे।

अध्ययन की इकाई – अध्ययन क्षेत्र में निवासरत भारिया जनजातीय परिवार अध्ययन की इकाई होंगे ।

शोध विधि – प्रस्तुत शोध में मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा जिले के तामिया विकासखण्ड में पातालकोट के समस्त 12 आबाद ग्रामों का अध्ययन नृजातिय पद्धति के द्वारा किया जायेगा, इसके साथ ही 12 ग्रामों के समस्त परिवारों के कुल 503 परिवारों का ग्रामवार जनगणना विधि से अध्ययन किया जायेगा।

तथ्य संकलन के स्त्रोत –

प्राथमिक स्त्रोत – साक्षात्कार, अवलोकन, अनुसूची, समूह चर्चा

द्वितीयक स्त्रोत – पुस्तक, वार्षिक रिपोर्ट, साहित्य, शोध पत्रिकाएं, इंटरनेट, समाचार पत्र ।

यंत्र एवं तकनीक – सर्वेक्षण, अवलोकन, साक्षात्कार, कैमरा, पी.आर.ए.

विश्लेषण एवं पृष्ठ भूमि – सारणीयन संकेतन, मास्टर चार्ट, कार्ड परीक्षण एवं टी. परीक्षण ।

निष्कर्ष एवं सुझाव – प्राप्त आंकड़ो तथा तथ्यों के विश्लेषण के आधार पर निष्कर्ष एवं सुझाव प्रस्तुत किये जायेंगे।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 6: अनुसूचित जातियों पर अत्याचार की प्रकृति एवं कारणों का समाजशास्त्रीय अध्ययन (इन्दौर जिले में अनूसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के विशेष संदर्भ में)

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अधिनियम के विभिन्न प्रावधानो के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन करना।
2. पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास क्रार्यक्रमों का अध्ययन करना।
3. अधिनियम के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं/कमियो का पता लगाना तथा उन्हे दूर करने के उपाय सुझाना।
4. अत्याचार निवारण अधिनियम से सम्बन्धित प्रावधानों, प्रक्रियाओं एवं क्रियान्वयन का अध्ययन करना।
5. विषय सम्बन्धी सन्दर्भ ग्रन्थों का अध्ययन करना।

कार्य प्रगति :– साहित्य का पुनरावलोकन, साक्षात्कार अनुसूची का निर्माण कार्य जारी है।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 7: पंचायतराज में महिलाओं की भूमिका का अध्ययन (मध्यप्रदेश के देवास जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध के उद्देश्य :–

1. पंचायतराज संस्था महिला प्रतिनिधियों की सामाजिक, आर्थिक प्रस्थिति का अध्ययन करना।
2. पंचायतराज संस्था महिला प्रतिनिधियों की नेतृत्व एवं सशक्तिकरण का अध्ययन करना।

3. पंचायतराज संस्था महिला प्रतिनिधियों के विकास एवं सशक्तिकरण की समस्याओं का अध्ययन करना।
4. पंचायतराज संस्था महिला प्रतिनिधियों की सामाजिक प्रस्थिति में आये परिवर्तनों का अध्ययन करना।
5. पंचायतराज संस्था महिला प्रतिनिधियों की सामाजिक एवं पारिवारिक भूमिका में आये परिवर्तनो का अध्ययन।
6. पंचायतराज संस्था महिला प्रतिनिधियों की नियोजन, भागीदारी एवं भूमिका मे आ रही मुख्य बाधाओं का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि :–

शोध प्रविधि के अंतर्गत उद्देश्यों को ध्यान में रखकर वर्णनात्मक शोध प्ररचना का प्रयोग किया जायेगा। इसमें शोध संबंधित तथ्यो का व्यवस्थित एवं क्रमबद्व तरीके से संकलन, तथ्यों का निर्माण, नियमों का सत्यापन, मूल्यांकन एवं नियमों का सैद्वान्तीकरण किया जायेगा।

अध्ययन क्षेत्र :

देवास जिले को अध्ययन क्षेत्र के रूप में चुना गया है।

अध्ययन का समग्र :–

लाटरी पद्वति के माध्यम से जनपदो का चयन समग्र के रूप में किया जायेगा।

अध्ययन की इकाई :–

चयनित जनपदो एवं ग्राम पंचायत में महिला पंचायत प्रतिनिधि का चयन अध्ययन की इकाई के रुप में किया जायेगा।

निदर्शन पद्वति :–

प्रस्तुत शोध में दैव निदर्शन पद्वति का प्रयोग किया जायेगा। जिसके अंतर्गत महिला प्रतिनिधियो का चयन अध्ययन के निदर्शन के रुप में किया जायेगा।

कार्य प्रगति :– साहित्य का पुनरावलोकन, द्वितीयक तथ्यों का संकलन का कार्य किया जा रहा है और अध्ययन क्षेत्र का प्रारम्भिक भ्रमण कार्य किया गया तथा सम्बन्धित विभागो से द्वितीयक तथ्य प्राप्त किये गये।

Ph.D. Research Topic No. 8 : Impact of Land Reforms on Socio-Economic Life of Scheduled Castes: A Geographical Study (With Special Reference to Aligarh District of U.P.)

Objectives of the study

1. To study the socio-economic background of Scheduled Castes.
2. To study the allotment, size and structure of agriculture land allotted to Scheduled Castes for cultivation purpose in the study area.
3. To assess the impact of the allotted agriculture land on the socio- economic condition of the Scheduled Castes.
4. To study the problem faced by Scheduled Castes for possession of agricultural land.
5. To assess the overall success of the redistributive programme of government land in the study area.

Research Methodology :

Area of Study:

Aligarh district of Uttar Pradesh would be the study area.

Universe of the study :

The total 1072 number of Scheduled Castes household's population which got agriculture land (patta) during 2007-2012 under land reforms of Aligarh district would be the universe of the study.

Unit of the study :

An individual member of Scheduled Castes families who got agriculture land (patta) during 2007-2012 under land reforms would be the unit of the study.

Sampling : Stratified random sampling would be adopted for selection of respondents.

Progress report - Study the Review of literature; collected the secondary data from concern departments.

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 9: समपोषणीय कृषि उत्पादकता का अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक–आर्थिक विकास पर प्रभाव : (मध्यप्रदेश के डिण्डौरी जिले के विशेष संदर्भ में स्थानिक विश्लेषण।)

अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अध्ययन क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति के कृषक परिवारों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. जनजातियों की परम्परागत कृषि का स्तर तथा उसमें हुए परिवर्तन का अध्ययन करना।
3. जनजातियों द्वारा अपनायी जा रही कृषि पद्धतियों, तकनीकों एवं विपणन प्रक्रियाओं का अध्ययन करना।
4. जनजातियों में समपोषणीय कृषि उत्पादकता से हुए परिवर्तन एवं उनके सामाजिक – आर्थिक जीवन पर प्रभाव का अध्ययन करना।
5. अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों में स्थानीय भौगोलिक संरचना एवं कारकों के आधार पर आधुनिक कृषि आधारित सम्भावनाओं एवं अवसरों के आधार पर एक विकास प्रारूप तैयार करना।

वर्तमान कार्यो का संकलन

1. शोध समस्या से संबंधित साहित्य का पुनरावलोकन किया जा रहा है।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 10 : अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के सामाजिक परिवर्तन में नगरीकरण के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन

अध्ययन के उद्देश्य :–

(1) अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के परिवर्ती जीवन प्रतिमान के संबंध में ज्ञान प्राप्त करना।

(2) अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं के विवाह, परिवार, शिक्षा, व्यवसाय, जाति, धर्म और राजनीति आदि के प्रति अर्थात् उनके सामाजिक–सांस्कृतिक दृष्टिकोणों में हुये परिवर्तन की प्रक्रिया का ज्ञात करना।

(3) अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं के पंरपरागत विचारों पर नगरीकरण के प्रभाव के अंतर को जानने हेतु।

(4) नगरीय संस्कृति एवं जीवन शैली का अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभावों के अंतर को ज्ञात करना।

(5) अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं में नगरीकरण के फलस्वरूप बच्चों के पालन–पोषण के तरीकों पर पड़ने वाले प्रभाव के अंतर को ज्ञात करना।

(6) नगरोयकरण के प्रभाव स्वरूप अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं में बढ़ती सामाजिक सांस्कृतिक गतिशीलता को ज्ञात करना।

(7) नगरीकरण के फलस्वरूप अनुसूचित जाति एवं जनजाति महिलाओं में वैज्ञानिक उपकरणों के बढ़ते उपयोग की प्रवृत्ति के अंतर को जानने हेतु।

कार्य प्रगति :–

साहित्य का पुनरावलोकन एवं द्वितीयक तथ्यों का संकलन किया जा रहा है।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 11 :" राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का अनुसूचित जाति कृषक – मजदूर हितग्राहियों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर प्रभाव" (मझगवाँ विकासखण्ड जिला सतना म.प्र. के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का कृषक मजदूरों के आर्थिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. चयनित ग्रामीण अनुसूचित जाति कृषक मजदूरों की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति के प्रभाव का अध्ययन करना।
3. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम में रोजगार के सृजन में योगदान का अध्ययन करना।
4. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम का कृषक–मजदूरों पर प्रभाव का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 12 :"अनुसूचित जातियों में सामाजिक न्याय एवं विकास के बदलते प्रतिमानों का समाजशास्त्रीय अध्ययन" (उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के विशेष सन्दर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अनुसूचित जातियों के उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. भारतीय संविधान में अन्तर्निहित सामाजिक न्याय एवं विकास के प्रावधानों का अनुसूचित जातियों के विकास पर हुए प्रभाव का अध्ययन करना।
3. भारत की अनुसूचित जातियों के सामाजिक न्याय एवं विकास के परिवर्तित प्रतिमानों का अध्ययन करना।
4. अनुसूचित जातियों के सा.न्याय एवं विकास के रास्ते में बाधक तत्वों का अध्ययन करना।
5. सा.न्याय एवं विकास की नीतियाँ एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में आने वाली मुख्य बाधाओं का पता लगाना।
6. अनुसूचित जातियों के विकास के लिए शोध पर आधारित उपर्युक्त सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 13 : आधुनिक संचार साधनों का अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं एवं पुरुषों के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन (म.प्र. के खण्डवा जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं एवं पुरुषों की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. आधुनिक संचार साधनों का अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं एवं पुरुषों में आधुनिकीकरण के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. आधुनिक संचार साधनों का अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं एवं पुरुषो के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
4. आधुनिक संचार साधनों का अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं एवं पुरुषों के शैक्षणिक विकास पर प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
5. आधुनिक संचार साधनों का अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं एवं पुरुषों के सांस्कृतिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
6. अनुसूचित जनजातियों की महिलाओं एवं पुरुषों के जीवन में आधुनिक संचार साधनों के महत्व का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 14:अनुसूचित जाति को महिलाओं के राजनीतिक नेतृत्व व सशक्तिकरण में 73वें संविधान संशोधन अधिनियम की भूमिका एक अध्ययन (उ.प्र. के अलीगढ मण्डल के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अनुसूचित जाति की निर्वाचित ग्राम प्रधान महिला उत्तरदाताओं की सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के अंतर्गत प्रावधानों (विशेष रूप से पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी सम्बन्धी) के क्रियान्वयन की स्थिति का अध्ययन करना।
3. अनुसूचित जाति की निर्वाचित ग्राम प्रधान महिलाओं को 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों, दायित्वों के निर्वहन की स्थिति एवं निर्वहन में आनेवाली बाधाओं का अध्ययन करना।
4. अनुसूचित जाति महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी, नेतृत्व विकास एवं सशक्तिकरण का उनके सर्वांगीण जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
5. पंचायत राज में अनुसूचित जाति की महिलाओं की भागीदारी से उनके व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 15 :क्षेत्रीय विकास में ग्रामीण सेवा केन्द्रो की भूमिका (मध्यप्रदेश के सिवनी

जिले के विशेष सन्दर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अध्ययन क्षेत्र के केन्द्रीय कार्य और उन्हें करने वाले सेवा केन्द्रों का प्रकार्य विभाजन करना।
2. सेवा केन्द्रों की वर्तमान स्थिति एवं सेवा क्षेत्र का अध्ययन करना।
3. सेवा केन्द्रों की केन्द्रीयता का मापन करना और उनकी वर्तमान स्थिति का अध्ययन करना।
4. केन्द्रियता के आधार पर अध्ययन क्षेत्र के सेवा केन्द्रों का भिन्न–भिन्न क्रमिक वर्गों में विभाजन करना अर्थात पदानुक्रमण वितरण करना।
5. आधारभूत सेवाओं के विकास केन्द्रों की पहचान करना।
6. विकास केन्द्रों अभिकेन्द्रों एवं अपकेन्द्रीय शक्तियों का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 16 :बांछड़ा समुदाय में सामाजिक एवं व्यावसायिक गतिशीलता का अध्ययन

(मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के विशेष सन्दर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. समुदाय के सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों में आय परिवर्तनों का अध्ययन करना।
2. समुदाय में देह व्यापार के कारणों का अध्ययन करना।
3. समुदाय में देह व्यापार उन्मूलन हेतु शासकीय एवं गैर सरकारी संगठनों के कार्यों का मूल्यांकन करना।
4. समुदाय पर देह व्यापार के प्रभाव का अध्ययन करना।
5. समुदाय के विकास के लिए शासन एवं गैर सरकारी संगठनों के कार्यों का मूल्यांकन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 17: भूमंडलोकरण का अनुसूचित जातियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक

विकास पर प्रभाव

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अनुसूचित जाति के उत्तरदाताओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. अनुसूचित जातियों मे शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं भागीदारी के स्तर का अध्ययन करना।
3. भूमंडलीकरण का शिक्षा की नीतियों एवं कार्य्रकमों पर प्रभाव का अध्ययन करना ।
4. निजीकरण का अनुस्चित जातियो के शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास पर प्रभाव का अध्ययन करना।
5. अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलाब्धियों के स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं का अध्ययन करना ।
6. अनुसूचित जातियों के शैक्षणिक विकास में बाधक सामाजिक एवं आर्थिक कारकों का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 18 :जनजातियों में मद्यपान एवं नशे के रोकथाम में गैर–सरकारी संगठनों की भूमिका (म.प्र. के अलीराजपुर जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. आदिवासी समुदाय के प्रचलित मद्यपान एवं नशे के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व का अध्ययन करना।
2. पारंपरिक मद्यपान एवं नशे की ओर प्रेरित करने वाले कारकों, पहलुओं तथा उनके जनजीवन पर हो रहे प्रभावों का अध्ययन करना।
3. गैर सरकारी संगठनों द्वारा नशामुक्ति हेतु क्रियान्वित प्रतिरोधात्मक एवं उपायात्मक कार्यक्रमों का अध्ययन करना।
4. गैर सरकारी सगठनों द्वारा क्रियान्वित कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
5. मद्यपान एवं नशा मुक्ति की ओर किये जा रहे गैर–शासकीय प्रयासों में अवरोधात्मक कारकों का अध्ययन करना।
6. मद्यपान एवं नशामुक्त समाज के लिए उचित प्रतिरोधात्मक, उपायात्मक एवं पुनर्वसनात्मक सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 19 : एच.आई.वी. एड्स ग्रसित व्यक्तियों की सामाजिक स्थिति का एक

समाजकार्य अध्ययन (मध्यप्रदेश के झाबुआ जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. एच.आई.वी. एड्स ग्रसित व्यक्तियों पर बीमारियों के कारण हुये मानसिक आघात तथा समाज द्वारा लगाये गये कलंक की प्रकृति एवं प्रभावों का अध्ययन करना।
2. एच.आई.वी एड्स से ग्रसित व्यक्तियों में बीमारी के कारण स्वयं के प्रति अविश्वसनीयता की स्थिति एवं परिणामों का अध्ययन करना।
3. एच.आई.वी. एड्स ग्रसित व्यक्तियों के उपचार हेतु उपलब्ध सामाजिक पुर्नवास तथा चिकित्सा सुविधाओं की प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
4. एच.आई.वी. एड्स ग्रसित व्यक्तियों में तेज गति से फैल रही बीमारी तथा उसके शारीरिक दुष्प्रभाव पर रोकथाम करने में परिवार तथा समाज की भूमिका का अध्ययन करना।
5. एड्स ग्रसित व्यक्तियों के उपचार में व्यावसायिक समाज कार्यकर्ता की प्रभावी भूमिका एवं हस्तक्षेप के लिए सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 20 : उच्च शिक्षा में निःशक्त महिलाओं की भागीदारी की चुनौतियाँ : एक

अध्ययन (म.प्र. के पश्चिम निमाड़ के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. निःशक्त महिलाओं द्वारा उच्च शिक्षा ग्रहण करने में अनुभव की गई कठिनाइयों तथा चुनौतियों का अध्ययन करना।
2. निःशक्त महिलाओं के उच्च शिक्षा हेतु शासकीय योजनाओं, संवैधानिक/कानूनी प्रावधानों के क्रियान्वयन एवं प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
3. उच्च शिक्षा प्राप्त निःशक्त महिलाओं की वर्तमान सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
4. निःश्क्त महिलाओं की उच्च शिक्षा एवं व्यावसायिक गतिशोलता को बढ़ावा देने एवं हतोत्साहित करने वाले कारको का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 21 :जातीय भेदभाव उन्मूलन मं शासकीय योजनाओं के प्रभाव का अध्ययन

(मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. शासकीय योजनाओं का हितग्राहियों पर प्रभाव एवं मूल्यांकन का अध्ययन करना।
2. शासकीय योजनाओं का जातिभेद निर्मूलन में योगदान का अध्ययन करना।
3. शासकीय योजनाओं का अर्न्तजातीय विवाह को बढ़ावा देने में भूमिका का अध्ययन करना।
4. जाति निर्मूलन में शासकीय योजनाओं की भूमिका और डॉ. आंबेडकर के जातिभेद निर्मूलन उपायों का तुलनात्मक मूल्यांकन करना।
5. अध्ययन स्त्रोत से प्राप्त जानकारी के आधार पर शासकीय योजनाओं और डॉ. आंबेडकर के उपायों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालना और व्यवहारिक सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 22 :राष्ट्रीय राजीव गांधी छात्रवृत्ति योजना का अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उच्च शिक्षा विकास का तुलनात्मक अध्ययन (म. प्र.राज्य के इंदौर, उज्जन, जबलपुर विश्वविद्यालय के विशेष सन्दर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. राजीव गाँधी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के हितग्राही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोधार्थी के शैक्षणिक उपलब्धि में योजना के योगदान का अध्ययन करना।
2. राजीव गाँधी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले शोधार्थियों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का अध्ययन करना।
3. राजीव गाँधी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनाओं का अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोधार्थियों क उच्च शिक्षा विकास पर प्रभाव का अध्ययन करना।
4. राजीव गाँधी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करना।
5. राजीव गाँधी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के शोधार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 23 : तंग बस्तियों में निवासरत् किशोर बालकों के विकास की चुनौतियाँ :

(मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. किशोर बालकों के परिवार की सामाजिक–आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. किशोर बालकों के विकास पर परिवार की जीवन शैली के प्रभावों का अध्ययन करना।
3. किशोर बालकों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उनके परिवारों द्वारा अपनाये गये तरीकों का अध्ययन करना।
4. किशोर बालकों के विकास में आने वाली बाधाओं का अध्ययन करना।
5. तंग बस्तियों के विकास हेतु शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करना।
6. किशोर बालकों के विकास हेतु नीतिगत सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 24 : गरीबी उन्मूलन में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की भूमिका का अध्ययन (सतना जिलें के सन्दर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के हितग्राहियों की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उद्देश्य, संचालन तथा क्रियान्वयन का अध्ययन करना।
3. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली का हितग्राहियों की आजीविका में खाद्यान्न की प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
4. हितग्राहियों का लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रति जागरूकता एवं दृष्टिकोण का अध्ययन करना।
5. लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली में उपयुक्त सम्भवनाओं एवं सुझावों को प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 25 : परिवार नियोजन का बारेला जनजाति के सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास पर प्रभाव का अध्ययन (खरगोन जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. बारेला जनजाति महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक स्थिति का अध्ययन करना और उनमें परिवार नियोजन के प्रचलन का आकलन करना।
2. परिवार नियोजन में जनजाति महिला एवं पुरूषों के परिवार नियोजन से संबंधित नसबंदी कराने वाले योगदान का अध्ययन करना।
3. बारेला जनजाति महिलाओं में परिवार नियोजन व शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली अड़चनों का अध्ययन करना।
4. डॉ. आंबेडकर के परिवार नियोजन संबंधित विचारों और जनजाति के विकास का आंकलन करना।
5. डॉ. आंबेडकर के विचारों, सरकारी परिवार नियोजन तथा जनजाति विकास का वर्तमान तथ्यों के संदर्भ में मूल्यांकन करना।
6. सामाजिक, सांस्कृतिक विकास पर प्रभाव का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 26 : डॉ. आंबेडकर के शिक्षा संबंधी विचारों का वर्तमान शिक्षा नीति पर प्रभाव : अनुसूचित जातियों के परिप्रेक्ष्य में एक अध्ययन (म.प्र. के धार जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अनुसूचित जातियों में शैक्षणिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।

2. अनुसूचित जातियों में डॉ. आंबेडकर के शिक्षा संबंधी विचार और वर्तमान शिक्षा नीति के प्रभाव का आंकलन करना।
3. अनुसूचित जातियों के शैक्षणिक विकास में आने वाली कठिनाइयों व चुनौतियों का अध्ययन करना।
4. अनुसूचित जातियों की शैक्षणिक प्रगति तथा उपलब्धियों पर वर्तमान शिक्षा नीति तथा डॉ. आंबेडकर के शैक्षणिक विचारों के प्रभाव का तुलनात्मक तथा मूल्यांकनात्मक आंकलन करना।
5. तथ्यों पर आधारित विषय से संबंधित निष्कर्ष निकाल कर शिक्षा नीति एवं भावी योजनाओं हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 27 :धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की मलिन बस्तियों में निवासरत्

परिवारों की सामाजिक–आर्थिक एवं पयावरणीय कारकों का विश्लेषणः

एक भौगोलिक अध्ययन।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. औद्योगिक क्षेत्र में मलिन बस्तियों के निर्माण के कारणों का अध्ययन करना।
2. मलिन बस्तियों में निवासरत् परिवारों का सामाजिक–आर्थिक एवं पर्यावरण कारकों का अध्ययन करना।
3. मलिन बस्तियों का पर्यावरण से संबंध तथा नगरीय व्यवस्था का अध्ययन करना।
4. व्यक्ति गुणवत्ता सूचकांक ज्ञात करना।
5. मलिन बस्तियों में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का प्रभाव ज्ञात करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 28: विकलांगों की विकासात्मक योजनाओं की उपयोगिता का अध्ययन (मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. विकलांगों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. विकलांगों के व्यक्तित्व विकास में आने वाली समस्याओं का अध्ययन करना।
3. विकलांगों के रोजगारोन्मुखी विकास की समस्याएं तथा कारणों का अध्ययन करना।
4. विकलांगों का संवैधानिक प्रावधानों के प्रति जागरूकता स्तर का अध्ययन करना।
5. विकलांगों के विकास हेतु चलाई जा रही योजनाओं का प्रभाव तथा क्रियान्वयन का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 29: सहरिया जनजाति की किशारियों में हीमोग्लोबिन स्तर तथा आयरन

फोलिक एसिड की ग्रहणशीलता के प्रभाव का अध्ययन।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. सहरिया जनजाति की किशोरियों के सामाजिक, आर्थिक, एवं सांस्कृतिक स्थिति का अध्ययन करना ।
2. सहरिया जनजाति की किशोरियों में हीमोग्लोबिन के स्तर को ज्ञात करना।
3. सहरिया जनजाति की किशोरियों में हीमोग्लोबिन के स्तर को सुधारने हेतु शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन का अध्ययन करना।
4. सहरिया किशोरियों के पोषण में प्रोटीन तथा लौह तत्व के स्तर को ज्ञात करना।
5. हीमोग्लोबिन के स्तर एवं शिक्षा के मध्य संबंध ज्ञात करना।
6. हीमोग्लोबिन के स्तर एवं सामाजिक, आर्थिक स्थिति के मध्य संबंध ज्ञात करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 30 : भील जनजाति के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन पर आधुनिकीकरण के प्रभाव का अध्ययन (म.प्र. के झाबुआ जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. भील जनजाति के उत्तरदाताओं की सामाजिक, आर्थिक, एवं शैक्षणिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. आधुनिकीकरण का भील जनजाति के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर प्रभाव का अध्ययन करना।
3. भील जनजाति के सांस्कृतिक जीवन पर आधुनिकीकरण के प्रभाव का अध्ययन करना।
4. आधुनिकीकरण का भील जनजाति की व्यवसायिक गतिशीलता व सामाजिक प्रस्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
5. भील जनजाति की परम्परागत संस्थाओं एवं सामाजिक मूल्यों पर प्रभाव का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 31 :बदलते कृषि भू–दृश्य के परिप्रेक्ष्य में जनजातीय क्षेत्रों में कृषि विकास स्तरों का मापन मध्यप्रदेश के जिला मण्डला के विशेष संदर्भ में।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. जनजातीय क्षेत्रों में कृषि भूमि उपयोग में हुये बदलाव का विश्लेषण करना।
2. जनजातीय क्षेत्रों में कृषि विकास, स्तरों का मापन कर परिवर्तनों का विश्लेषण करना।
3. नवीन तकनीक एवं नवाचार गृहिता के स्तर का मापन करना।
4. शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का आंकलन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 32 : जनजातीय विकास में गैर सरकारी संगठनों की भूमिका, कार्यप्रणाली

एवं उपागम का विश्लेषणात्मक अध्ययन मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के विशेष संदर्भ म

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. जनजातीय विकास हेतु गैर सरकारी संगठनों द्वारा क्रियान्वित विविध कार्यक्रमों का अध्ययन करना।
2. जनजातीय विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु गैर सरकारी संगठनों द्वारा अपनाई गई पद्धतियों का अध्ययन करना।
3. गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समस्याओं का अध्ययन करना।
4. गैर सरकारी संगठनों द्वारा क्रियान्वित जनजातीय विकास कार्यक्रमों से जनजातीय समुदाय की सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में हुए परिवर्तनों का अध्ययन करना।
5. शोध अध्ययन द्वारा प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण कर निष्कर्ष निकालना एवं नीतिगत सुझाव देना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 33 : पंचायती राज संस्थाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित

जनजाति की निर्वाचित महिलाओं की भागीदारी का उनकी सामाजिक गतिशीलता पर प्रभाव (मध्यप्रदेश के मण्डला जिले के विशेष संदर्भ में।)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. पंचायती राज संस्थाओं में निर्वाचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की भागीदारी के स्तर का अध्ययन करना।
3. अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाओं की पंचायत राज संस्थाओं में भागीदारी का उनके सामाजिक, आर्थिक जीवन पर प्रभाव का अध्ययन।
4. पंचायती राज संस्थाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की भागीदारी का उनकी सामाजिक गतिशीलता पर प्रभाव का अध्ययन करना।
5. पंचायती राज संस्थाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की महिलाओं में राजनैतिक सशक्तिकरण एवं नतृत्व विकास पर प्रभाव का अध्ययन करना।
6. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति महिलाओं की पंचायत राज संस्थाओं में भागीदारी में आनेवाली बाधाओं का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 34: अनुसूचित जनजाति महिलाओं की शैक्षणिक उपलब्धियों का उनके

व्यवसायिक एवं सामाजिक गतिशीलता पर प्रभाव : एक अध्ययन पश्चिमी मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के विशेष संदर्भ में।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अनुसूचित जनजाति महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. अनुसूचित जनजाति महिलाओं शैक्षणिक उपलब्धियों के स्तर का अध्ययन करना।
3. अनुसूचित जनजाति महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न नीतियों एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का अध्ययन करना।
4. अनुसूचित जनजाति महिलाओं शैक्षणिक विकास एवं उपलब्धियों की चुनौतियों का अध्ययन करना।
5. अनुसूचित जनजाति महिलाओं शैक्षणिक उपलब्धता का उनके व्यवसायिक एवं सामाजिक गतिशीलता पर प्रभाव का अध्ययन करना।
6. अनुसूचित जनजाति महिलाओं की विभिन्न शैक्षणिक समस्यायों का अध्ययन एवं उनके हेतु सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 35: आदिवासी बच्चों के पोषण स्तर पर पोषण पुनर्वास केन्द्रो की भूमिका।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. आदिवासी बच्चो की सामाजिक, आर्थिक स्थिति का अध्ययन करना।
2. आदिवासी बच्चो में कुपोषण के कारको तथा स्वास्थ के प्रति जागरूकता का अध्ययन करना।
3. आदिवासी बच्चों के लिये चलाई जा रही स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी शासकीय योजनाओं की भूमिका का अध्ययन करना ।
4. आदिवासी क्षेत्रों में पोषण पुनर्वास केन्द्रों की भूमिका का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 36: ग्रामीण बाजारों पर नगरीकरण का प्रभाव, मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में लगने वाले साप्ताहिक ग्रामीण बाजारों क विशेष संदर्भ में।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अध्ययन क्षेत्र के अंतर्गत चयनित ग्रामीण बाजारों के स्थान एवं अवस्थिति से संबंधित विशेषताओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना ।
2. अध्ययन क्षेत्र में लगने वाले ग्रामीण बाजारो में विभिन्न वस्तुओं की दुकानों की अवस्थिति को केन्द्रीय स्थल सिद्धांत की सहायता से पहचान कर विश्लेषण करना।
3. अध्ययन क्षेत्र में लगने वाले ग्रामीण बाजारों की संरचना एवं कार्यो के बदलते प्रतिरूप में नगरीकरण की भूमिका का विश्लेषण करना।
4. अध्ययन क्षेत्र में नगरीकरण के कारण ग्रामीण बाजारो में आ रहे परिवर्तना का ग्रामीण दुकानदारों एवं उपभोक्ता की आर्थिक–सामाजिक स्थिति पर प्रभावों का मूल्यांकन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 37 : पश्चिमी मध्यप्रदेश की अनुसूचित जनजातीय महिलाओं में शैक्षणिक विकास स्तर का भौगोलिक अध्ययन।

शोध अध्ययन के उददेश्य :–

1. पश्चिमी मध्यप्रदेश में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का स्थानिक प्रतिरूप ज्ञात करना।
2. अध्ययन क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति महिलाओं में शैक्षणिक स्थिति का स्थानिक प्रतिरूप ज्ञात करना।
3. अध्ययन क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति महिलाओं की शैक्षणिक स्थिति में दशाब्दी परिवर्तन/ सामाजिक परिवर्तन का अध्ययन करना।
4. अध्ययन क्षेत्र की अनुसूचित जनजाति महिलाओं में आयु एवं पारिवारिक स्तरों पर शैक्षणिक असमानता की स्थिति ज्ञात कर एवं अंतरों की व्याख्या करना ।
5. अध्ययन क्षेत्र की अनुसूचित जनजाति महिलाओं में बालिकाओं द्वारा शाला त्यागने के कारणों का अध्ययन करना।
6. अनुसूचित जनजाति महिलाओं की शिक्षा को प्रभावित करने वाले करकों का अध्ययन करना।
7. अनुसूचित जनजाति शैक्षणिक स्थिति के मोडल का निर्माण तथा असमानता व पिछडेपन को दूर करने संबंधी सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 38 : अनुसूचित जाति महिलाओं के शैक्षणिक विकास में बाधक

सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक कारकों का समाजशास्त्रीय अध्ययन (मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के विशेष संदर्भ में)

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. अनुसूचित जाति की महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक विकास का अध्ययन करना।
2. अनुसूचित जाति की महिलाओं में शैक्षणिक स्तर एवं भागीदारी का अध्ययन करना।
3. अनुसूचित जाति की महिलाओं के शैक्षणिक विकास की नीतियों एवं कार्यक्रमों के उनके शैक्षणिक विकार पर अध्ययन करना।
4. अनुसूचित जाति की महिलाओं में सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास पर शैक्षणिक विकास के प्रभाव का अध्ययन करना।
5. अनुसूचित जाति की महिलाओं के शैक्षणिक विकास में बाधक कारकों का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 39: नर्मदा नदी (अमरकंटक) के तटीय क्षेत्र में बसे भूमिया जनजाति के

औषधीय–वनोपज–निर्भर जीवनचर्या पर आधुनिक परिवेश के प्रभाव का समाजशास्त्रीय अध्ययन।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. भूमिया जनजाति के जीवनचर्या पर आधुनिक परिवेश के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. भूमिया जनजाति के औषधीय–वनोपज–निर्भर जीवनचर्या को सुगम तथा समाजीकरण हेतु विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना।
3. भूमिया जनजाति के औषधीय ज्ञान को रोजगार परक एवं रूचिकर बनाकर आयुर्वैदिक दृष्टिकोण से उन्नति करने हेतु कारणों का अध्ययन करना।
4. भूमिया जनजाति के समाजीकरण एवं सभ्य समाज की मुख्यधारा में लाने के लिये समाजशास्त्रीय कारकों का अध्ययन करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 40 : राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की भागीदारी एवं व्यावसायिक गतिशीलता का अध्ययन। मध्यप्रदेश के धार जिले के गंधवानी विकासखण्ड के विशेष संदर्भ में।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में किये गये प्रयासों का अध्ययन करना।
2. राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन के अंतर्गत महिला लाभार्थियों की लाभ के पूर्व एवं पश्चात की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं के व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन पर हुए सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों का अध्ययन करना।
4. राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन के अंतर्गत कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन विशेष रूप से महिलाओं की सहभागिता तथा सशक्तिकरण में आ रही कठिनाईयों का अध्ययन करना।
5. राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन की गतिविधियों के संचालन क्रियान्वयन हेतु आदर्श योजना का निर्माण कर सुझाव प्रस्तुत करना।

पीएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 41: बैगा जनजाति विकास की शासकीय योजनाओं का उनके सामाजिक जीवन पर प्रभाव का एक समाजशास्त्रीय अध्ययन : पूर्वी मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के विशेष संदर्भ में।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. बैगा जनजाति के वर्तमान सामाजिक जीवन पर शासकीय योजना के प्रभाव का अध्ययन करना।
2. बैगा विकास अभिकरण के कार्यक्रमों मे बैगा जनजाति की जन भागीदारी का अध्ययन करना ।
3. बैगा जनजातियों के शैक्षणिक, धार्मिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास का आंकलन करना।
4. शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली कठिनाईयों (बाधाओं) का अध्ययन कर उसके कारणों का पता लगाना और उसके कारण बैगा जनजाति कैसे प्रभावित हुई का बोध करना।
5. बैगा जनजाति के समाजशास्त्रीय अध्ययन का अध्ययन क्षेत्र से प्राप्त समंकों के आधार पर मूल्यांकन करना और तथ्यात्मक निष्कर्षों के साथ शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुझाव देना।

पोएच.डी. शोध शीर्षक क्र. 42:आदिवासी महिलाओं में मातृ तथा शिशु मृत्यु दर की स्थिति एवं जननो सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन का अध्ययन करना। मध्यप्रदेश के डिंडोरी जिले के विशेष संदर्भ में।

शोध अध्ययन के उद्देश्य :–

1. ग्रामीण आदिवासी महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक एवं स्वास्थ्यगत स्थिति का अध्ययन करना।
2. आदिवासी महिलाओं में मातृ एवं शिशुमृत्यू के कारणों तथा इन्हें कम करने संबंधी योजनाओं का अध्ययन करना।
3. माता के पोषण तथा स्वास्थ्य शिक्षा संबंधी जागरूकता का अध्ययन करना।
4. जननी सुरक्षा योजना की प्रभावशीलता तथा कियान्वयन में आने वाली बाधाओं का अध्ययन करना।

Ph.D. Research topic No 43: Household Decision Making Process and Empowerment of Women, With Special Reference to Bhil Women of Jhabua District of Madhya Pradesh

Objectives of research:-

1. To study socio-economic and cultural norms prevalent among Bhil tribes
2. To study attern of household decision and explore encouranging and discouraging factors for womens participation in the process.
3. To assess the impact of women's involvement into household decision on family relation in general and on women in particular.
4. To indentify and study the situation that causes conflict and ascertain any relation of it with the household decision making.
5. To assess the impact of capacity building programmes implemented by Government and NGO's on Bhil women's decision making capacity.

Ph.D. Research topic No. 44 : Domestic Violence: Causes and Consequances, A Sociological Study of Ahmedabad City in Gujrat

Objectives of research:-

1. To analyzed causes of domestic violence in study area.
2. To analyzed nature, extent and magnitude of domestic violence in the Ahmedabad City.
3. To analyzed and study age, religion, cast, family income, and education of victim of Domestic violence.
4. To analyzed and study changes in familial relation of victim in sociological perspective.

विस्तार, प्रशिक्षण एवं अकादमिक

बाबा साहेब की प्रतिमा का माल्यार्पण करते हुए माननीय मत्री श्री लालसिंह आर्य एवं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए करते हुए माननीय मत्री श्री लालसिंह आर्य

14 अप्रैल 2017 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

विश्वविद्यालय में 14 अप्रैल 2017 को डॉ. अम्बेडकर की 126 वीं जयंती के शुभ अवसर पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी **'सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सौहार्दता का राष्ट्र निर्माण में विशिष्ट महत्व'** विषय पर डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित की गई। मुख्य अतिथि श्री माननीय श्री लालसिंह आर्य, मंत्री सामान्य प्रशासन एवं नर्मदा घाटी विकास, मध्यप्रदेश शासन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री चन्द्रशेखर, कलेक्टर रतलाम, भारतीय राजस्व सेवा के श्री अशोक रतन, डॉ. अजय प्रताप मिश्रा, श्री सूरज कैरो उपस्थित रहे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. बाबा साहेब एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा एवं माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा हआ। उसके पश्चात् शोधार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति दी गयी। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की विस्तृत रूपरेखा संगोष्ठी के संयोजक प्रो. सी.डी. नाईक द्वारा प्रस्तुत की गई

मंत्री श्री लालसिंह आर्य को लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करते हुए कुलपति, कुलसचिव एवं अतिथिगण

न्यज लेटर का विमोचन करते हुए मंत्री लालसिंह आर्य, कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील, कुलसचिव एवं अतिथिगण

विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने स्वागत उद्‌बोधन देते हुए कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है, उसके ऊपर कोई भी नहीं। समाज में सामाजिक सौहार्द्र स्थाहपत करना है तो सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि माननीय मंत्री श्री लालसिंह आर्य ने अपने सारगर्भित उद्‌बोधन में कहा कि बड़े हर्ष का विषय है कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आज की इस संगोष्ठी का विषय डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के विचार एवं उनके दर्शन से छून वाला विषय है। उन्होंने कहा कि संस्कारों से ही हृदय का परिवतन होता है। जीवन में हम महापुरूशों के मार्ग पर नहीं चल पाते, यह एक बड़ी विडम्बना है। बाबा साहेब ने हम सभी को जो संविधान का कवच दिया है उसी के कारण आज हम सभी उच्च पदों पर आसीन हैं, इसी का परिणाम है कि आज सम्पूर्ण विश्व बाबा साहेब को नमन कर रहा है। बाबा साहेब ने अपने जीवन में बहुत कष्ट सहे लेकिन इसके बावजूद भी उनके द्वारा समता मूलक समाज के निर्माण के लिये सर्वोच्च कृति की रचना कर देश को एक मजबूत संविधान दिया गया।

उन्होंने आगे कहा कि जहाँ व्यक्तियों को सामाजिक न्याय नहीं मिलता वहीं से विद्रोह होता है। सम्पूर्ण भारत मनुष्य के शरीर के समान है। देश के किसी भी भाग में यदि कभी कुछ अप्रिय घटना घटती है तो कष्ट की अनुभूति होती है। भारत गरीबों की कुटिया में बसता है। जब तक हम इनको विकास की राह पर नहीं ले जायेंगे तब तक सच्चे अर्थों में राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं होगा। यह देश करूणा, मर्यादा, बंधुत्व तथा आपसी प्रेम पर चलने वाला देश है। जब ये समाज धारायें एक मिलेगी तभी सामाजिक न्यायएक सामाजिक सौहार्द्रता भी स्थापित होगी। अंत में उन्होंने कहा कि, समाज में जब सभी को सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा तो सामाजिक की स्थापना स्वतः ही हो जायेगी।

मंचासीन कुलपति डॉ. आर.एस.कुरील, कुलसचिव डॉ. बी. भारती श्री वी. चंद्रशेखर, श्री अशोक रतन एवं डॉ. अजय प्रताप

सभा में उपस्थित श्रोतागण

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि, जब तक समाज को सभी को एक जैसे समान अवसर उपलब्ध नहीं होंगे तब तक वास्तविक रूप से राष्ट्र का निर्माण संभव नहीं होगा। आज देश के संगठित बनाये रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हए कहा कि देश के लगभग 98 प्रतिशत लोग संसाधनहीन है। निजीकरण एवं वैश्वीकरण के कारण बहुत से लोग रोजगार विहीन हो गये हैं इन विषयों पर भी गहन चिंतन–मनन करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग का आव्हान करते हुए कहा कि राष्ट्र को कैसे आगे बढ़ाया जाये। एकता तथा अखंडता कैसे स्थापित की जाये, इन बिंदुओं पर चिंतन–मनन करना चाहिए, जिससे देश में वास्तविक रूप से सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सौहार्द्र स्थापित किया जा सके। इस पावन अवसर पर माननीय मंत्री श्री लालसिंह आर्य को विश्वविद्यालय की ओर से **डॉ. अम्बेडकर रत्न सम्मान'** एवं **'लाइफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड'** से कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील द्वारा सम्मानित किया गया। विशेष अतिथियों को भी विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह, संविधान की प्रस्तावना एवं बुद्ध स्टाम्प भेट किये गये। विशिष्ट अतिथि श्री अशोक रतन को उनके राजस्व सेवा में चयनित होने पर कुलपति द्वारा उनके माता–पिता को इस उपलब्धि के लिए **'लाइफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड'** से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित न्यूज लेटर का अंक 7 एवं अंक 8, हिन्दी एवं अग्रेजी की दो शोध पत्रिकाओं का विमोचन माननीय मंत्री, कुलपति महोदय एवं अतिथियों द्वारा किया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल के रीजनल डायरेक्टर डॉ. जी.एस. चौहान द्वारा लिखित पुस्तक का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र से बाबा साहेब की जन्म स्थली तक साईकिल यात्रा की समाप्ति पर श्री राजेन्द्र पाटील को माननोय मंत्री श्री लालसिंह आर्य द्वारा विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा उसक उत्कृष्ट कार्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की गई। शुभारंभ सत्र का संचालन डॉ. मनीषा सक्सेना ने किया।

दिनांक 15 अप्रैल 2017 को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन सत्र आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील द्वारा की गई। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कुल चार तकनीकि सत्र आयोजित किये गये जिसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, संस्थाओं, जिनमें प्रमुख रूप से चेन्नई विश्वविद्यालय से प्रो. एम. थंगराज, जोधपुर से डॉ. साधना मेघवाल एवं श्री तातारात, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय (हरियाणा) सं प्रो. एस.के. चहल एवं प्रो. अजीत चहल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल से डॉ. जी.एस. चौहान, फैज़ाबाद विश्वविद्यालय से डॉ. आर.के. दोहरे द्वारा शोध पत्रों का वाचन करने के अतिरिक्त प्रदेश के छात्रों, समाज वैज्ञानिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के संकाय शोध छात्रों, समाज वैज्ञानिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित कुल 100 प्रतिभागियों द्वारा संगोष्ठी में भाग लिया गया। महाराष्ट्र में नागपुर से लगभग 35 भिक्षुणी संघ द्वारा भी राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने–अपने विचार

प्रस्तुत किये। दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सारांश, संचालन एवं आभार संगोष्ठी के संयोजक प्रो. सो.डी. नाईक द्वारा व्यक्त किया गया।

14 अप्रैल 2017 – भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर कोचिंग सेन्टर का शुभारंभ

कोचिंग सेंटर का शंभारंभ करते हुए मंत्री श्री लालसिंह आर्य, कुलपति डॉ. आर.एस.कुरील, कुलसचिव डॉ. बी. भारती श्री वी. चंद्रशेखर, श्री अशोक रतन एवं डॉ.

शोधार्थियों से चर्चा करते हुए श्री अशोक रतन, श्री वी. चंद्रशेखर, कुलपति डॉ. आर.एस.कुरील, कुलसचिव एवं संकाय सदस्य

विश्वविद्यालय में 14 अप्रैल 2017 को डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की 126 वीं जयंती के पावन अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नईदिल्ली द्वारा **डॉ. अम्बेडकर कोचिंग सेंटर** का शुभारंभ श्री लालसिंह आर्य (माननीय मत्री मध्यप्रदेश शासन), श्री अशोक रतन (भारतीय राजस्व सेवा, वित्त मंत्रालय, भारतसरकार) कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील, कुलसचिव डॉ. बी. भारती, संकाय सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति म किया गया।

इस अवसर पर श्री अशोक रतन ने आश्वासन दिया कि कोचिंग सेंटर के लिए अधिक से अधिक सुविधायें उपलब्ध करवाई जायेगी। कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील ने बताया कि सेंटर में विद्यार्थियों को आई.ए.एस., पी.एस.सी. आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध करवाई जायेगी। कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने कोचिंग सेंटर के शुभारंभ पर बधाई दी और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि लगन एव मेहनत से तैयारी करें सफलता अवश्य मिलेगी।

14 अप्रैल 2017– उपडाकघर का लोकार्पण

विश्वविद्यालय परिसर में 14 अप्रैल 2017 को डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर **उप डाकघर** का लोकार्पण श्री लालसिंह आर्य (सामान्य प्रशासन एवं नर्मदा घाटी विकास विकास मंत्री)

मध्यप्रदेशासन शासन एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील के मख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर इंदौर डाक परिक्षेत्र की निदेशक, डाक सवाएं श्रीमति प्रीति अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रही। उनके द्वारा उपस्थित नागरिको को डाकघर की विभिन्न लाभकारी योजनाएं जैसे मात्र 50 रुपये खाता खोलने पर एटीएम कार्ड मुफ्त दिया जावगा। इस कार्ड को किस भी बैंक की एटीएम मशीन में उपयोग किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड पत्र, अटल पेंशन योजना, सुकन्या योजना, किसान विकासपत्र, मासिक आय योजना, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा तथा बचत खातों के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का विशेष लाभ लेने की अपील की गई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बी. भारती, प्रो. सी.डी. नाईक, प्रो. आर. डी. मौर्य, श्री भगवानदास गांडाने, श्री एम. के. निवास, निदेशक (प्रथम) क्षेत्रीय कार्यालय इंदार, अधीक्षक डाकघर इंदौर, श्री नगरेतर मंडल विशेष रुप से उपस्थित रहे। नये उप डाकघर के लोकार्पण पर कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने बधाई दी।

डाकघर का लोकार्पण करते हुए मंत्री श्री लालसिंह आर्य, कुलपति डॉ. आर.एस.कुरील, कुलसचिव डॉ. बी. भारती श्रीमती प्रीति अग्रवाल एवं अन्य

लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित माननीय मंत्री, कुलपति, कुलसचिव, इंदौर डाकघर परिक्षेत्र निदेशक एवं अधिकारीगण

3 जनवरी 2017 – सावित्रीबाई फूले जयंती

विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी 2017 को सावित्रीबाई फूले जयंती के अवसर पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रमा पांचाल थी। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. डी. के. वर्मा ने किया। कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने अध्यक्षता की। शुभारंभ भगवान बुद्ध, सावित्रीबाई एवं बाबा साहेब की प्रतिमा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. पांचाल ने अपने उद्‌बोधन में बताया कि सन् 1800 ई. में शूद्र अर्थात् वर्तमान में अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के बालक–बालिकाओं को सनातनी वर्ण व्यवस्था के अनुसार शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार नहीं था और न ही उस

समय आज की तरह पाठशालायें थी। 19वीं सदी के पूर्वार्ध में भी यह स्थिति यथावत् थी। आगे चलकर उन्होंने नारी उद्धार के साथ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जीवन भर काम किया।

कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि, आज से लगभग 150 वर्ष पूर्व माता सावित्रीबाई फ्ले ने अपने पति के साथ मिलकर शिक्षा की जो ज्योति जलाई उसी के कारण भारत की संपूर्ण नारियों व शूद्र शिक्षा प्राप्त करने के अधिकारी बने। शिक्षा के द्वार खोलने वाली सावित्री फुले ही हैं लेकिन भारत के इतिहासकार, शिक्षाविदों ने सामाजिक शिक्षा में इतने बड़े क्रांतिकारी को इतिहास में महत्व नहीं दिया और न ही समाज तथा राजनेताओं एवं सरकार ने कोई ध्यान दिया। आज देश में शिक्षा का अधिकार कानून बन चुका है अब शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बालक–बालिका का कानूनी व मौलिक अधिकार है जिसे बच्चों का भी समझना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रदीपकुमार ने किया। आभार कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने व्यक्त किया।

13 जनवरी 2017 –विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस

13 जनवरी को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला "वंचित वर्गों के सामाजिक– आर्थिक तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु नीतिगत अनुसंधान एवं नियोजन" विषय पर आयोजित की गई। मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल म.प्र. के प्रमुख सचिव श्री अजय तिर्की थे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने की। कार्यशाला संयोजक प्रो. डी. के. वर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री अजय तिर्की ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान को इस उँचाई तक लाने में आप सभी का अथक परिश्रम लगन एवं मेहनत है तथा सभी ने अपने–अपने तरीके से इस कार्य को पूर्ण करने में परिश्रम किया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अपने कर्मो से महानता प्राप्त की। हमारे देश का सविधान अन्य देशों के सविधान की अपेक्षा बहुत की प्रगतिशील है।

कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय का अधिनियम ही विश्वविद्यालय का संविधान है। इसे संभाल कर रखना है तभी सभी को अच्छी तरह से इसे समझना है। विश्वविद्यालय की दिशा इस अधिनियम के द्वारा ही संचालित होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी बड़े–बड़े सपने देखें तथा उनको पूरा करने के लिए उसी प्रकार प्रयास करे जिस प्रकार से डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर ने सफलता प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास एवं संघर्ष किए थे। कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने स्वागत उद्‌बोधन दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को लाइफ टाईम अचीवमेंट पुरस्कार तथा भगवान बुद्ध की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया गया। संचालन सहायक प्राध्यापक श्री प्रदीपकुमार द्वारा किया गया। आभार कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने माना।

26 जनवरी 2017 – गणतंत्र दिवस कार्यक्रम

गणतंत्र दिवस के अवसर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ध्वजारोहण करते हुए

गणतंत्र दिवस के अवसर विश्वविद्यालय के कुलपति शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए

26 जनवरी 2017 को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उसके पश्चात् राष्ट्रगान गाया गया। कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर ब्राउस परिवार के सदस्यों को शुभकामनायें दी और बताया कि आज के ही दिन हमारे देश में बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान को लागू किया गया। जिसमें समाज के नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्राप्त कराने के लिये तथा उनमें सबमें व्यक्तिकी गरिमा और राष्ट्र की एकता और बंधुता बढ़ाने का समावेश है।

इस अवसर पर सभी को पुनः बधाई देते हुए कहा कि लगन और मेहनत से कार्य करें तो सफलता प्राप्त होगी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने कहा कि विश्वविद्यालय नया–नया है सभी को लगन मेहनत से कार्य कर इसे प्रसिद्धि दिलाये, यही हम सबका प्रयास है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं छात्र छात्राऐं

"समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता" कार्यक्रम

विश्वविद्यालय द्वारा 30 जनवरी से 01 फरवरी 2017 तक "समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता" विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रथम चरण आयोजित किया गया। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व महानिदेशक म.प्र. पुलिस एवं पूर्व महानिदेशक बानीस श्री एस. के. दास थे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ले की। विशेष अतिथि डॉ. एस.एल. थाउसन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अनसूचित जाति कल्याण म.प्र. शासन एवं अधिवक्ता श्री अनिल त्रिवेदी थे। शुभारंभ बाबासाहेब एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वल द्वारा हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रो. आर. डी. मौर्य ने कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि श्री दास ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि समाज में एक हिस्सा ऐसा है जो कमजोर वर्ग के प्रति असंवेदनशील है और उन्हें न्याय देने में आनाकानी करता है। चाहता है कि ऐसी स्थिति बनी रहे। डॉ. थाउसन

ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को अपने पूर्वाग्रह को दूर रखकर अत्याचार निवारण के लिए कार्य करना चाहिये एवं अत्याचार की घटनाओं की विवेचना पूरी गंभीरता एवं ईमानदारी से विवेचनाकर पीड़ित को न्याय दिलाना चाहिये जिससे कि समाज में पुलिस की सकारात्मक भूमिका का संदेश जा सके तथा पीड़ितों को समुचित न्याय मिल सके। कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि पुलिस तथा कार्यपालिका भी महत्वपूर्ण इकाई है तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरूद्ध हो रही अत्याचार की घटनाओं को रोकने में संरक्षण प्रदान करना चहिये। संचालन प्रो. आर. डी. मौर्य ने किया।

1 फरवरी 2017 को तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन में डॉ. आर. एस. कुरील ने कहा कि, सामाजिक न्याय दिलाने में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि, पुलिस प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस अधिकारियों को इन वर्गों के विरुद्ध होने वाले अत्याचारों की वास्तविकता से अवगत कराती है एवं उसके रोकथाम हेतु संवैधानिक प्रावधानों के बारे में जागरुक बनाती है जिससे उन्हें इस तरह के प्रकरणों में सामाजिक न्याय सुनिश्चित कराने में सहायता प्रदान करती है। कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने कहा कि पुलिस हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग है। पुलिस अधिकारियों को न्याय सुनिश्चित कराने में पूर्ण संवेदनशीलता एवं निर्भीकता के साथ अपने दायित्वो का निर्वहन करना चाहिये। प्रो. डी. के. वर्मा ने दोनों सत्रों की अध्यक्षता की एवं अपने सुझाव देते हुए बताया कि आज भी अत्याचार से पीड़ित अनुसूचित जाति/जनजातीय परिवारों को न्याय मिलने म देरी एवं दोशमुक्ति का प्रमुख कारण फरियादी एवं गवाहों द्वारा अपने बयानों पर कायम नहीं रहना एवं रजामंदी या समझौता करना है जो गंभीर चिंतन का विषय है। कार्यशाला में न्यायाधीश श्री. आर. बी गुप्ता, न्यायाधीश श्री हेमंत जोशी, न्यायाधीश श्री ऋषिराज त्रिवेदी, जवाहरलाल नेहरु वि.वि. नई दिल्ली के प्रो. आनंदकुमार, प्रो. नरेन्द्रकुमार, श्री मनोज श्रीवास्तव, एस.पी. सागर ने भी संबोधित किया। प्रो. सी.डी. नाईक ने दो तकनीको सत्रों की अध्यक्षता कर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यशाला में 3 दिनों मे कुल 9 तकनीकि सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें अत्याचार निवारण, सशक्तीरण महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अत्याचार निवारण पर चर्चा हुई। संचालन प्रो. आर. डी. मौर्य ने किया। आभार कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने माना।

4 फरवरी 2017 –मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण योजना कार्यक्रम

विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 4 फरवरी 2017 को मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण योजना 'फैशन' डिजायनिंग 'ट्रेड' पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र एवं मानदेय राशि प्रदाय करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति विकास के प्रमुख सचिव श्री अशोक शाह थे। अध्यक्षता डॉ. आर. एस. कुरील ने की। विशेष अतिथि प्रतिभा सिन्थेटिक्स प्रा.लि. कंपनी के डायरेक्टर श्री वी. के. अग्रवाल थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध एवं बाबा साहेब की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि श्री शाह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि विकास क्या है, जिस गति से हम आगे बढ़ रहे हैं। उसे विकास नहीं कहा जा सकता है। जब तक हम चल नहीं सकते आगे नहीं बढ़ सकते तथा विकास नहीं कर

सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से पूछा कि प्रशिक्षण प्राप्त करके क्या करोगे। हमारे माननीय प्रधानमंत्री भी कौशल विकास प्रशिक्षण पर जोर दे रहे हैं। अब वह समय नहीं रहा कि आपको कोई रास्ता दिखायेगा। आपको स्वयं अपनी राह बनाकर जिस क्षेत्र में रुचि हो उस पर आगे बढ़कर अपनी राह बनाना होगी। उन्होंने आगे कहा कि अगर जिम्मेदारी से जीना है तो गपशप से दूर रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रार्थना में बताया गया है कि 'अत दीपो भव' की तरह ऊर्जा नहीं आयेगी तो जल नहीं सकते। म सभी से आग्रह करना चाहूंगा कि देखो, समझो, सुनने की क्षमता रखो और आगे बढ़ो। अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने सभी प्रशिक्षणार्थियों करे शुभकामनायें देते हुये कहा कि मनुष्य ने जितनी चीजे बनाई, सब अप्राकृतिक है है। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम भारत सरकार के साथ प्रशिक्षण की कार्य योजना बनाये और प्रशिक्षण कार्यक्रम करे। कार्यक्रम समन्वयक श्री भगवानदास गोंडान ने कहा कि एक चिंतक, लेखक, कुशल प्रशासक, श्री शाह हमारे विश्वविद्यालय के शोधार्थियों, प्रशिक्षणार्थियों को जो ज्ञानवर्धक बातें बताई हैं। उसका जरुर लाभ उठाये। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रणाण पत्र, तीन हजार रुपये का चेक, प्रतिभा सिन्थेटिक्स कंपनी की ओर से प्रतिमाह 9 हजार रुपये पर नियुक्ति पत्र भी दिया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय का सत्र 2017 का वार्षिक कैलेण्डर भी प्रदान किया गया। संचालन एवं आभार कार्यक्रम समन्वयक श्री भगवानदास गोंडाने द्वारा किया गया।

13 से 15 फरवरी 2017 – पुलिस कर्मचारियों की विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला

विश्वविद्यालय द्वारा 13 से 15 फरवरी 2017 को मध्यप्रदेश के पुलिस अधिकारियों की विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का द्वितीय चरण "समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता" विषय पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री आर. पी. सिंह, डीआईजी इंदौर रेंज व श्री एच.एम. मिश्रा डीआईजी इंदौर थे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. आर. प्रसाद, सलाहकार, हैदराबाद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन बाबा साहेब एवं भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन द्वारा हुआ। प्रशिक्षण की रूपरेखा का विवरण संयोजक प्रो. आर. डी. मौर्य ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री आर. पी. सिंह ने अपने उद्बोधन म व्यक्ति के मानसिक परिवर्तन पर विशेष बल दिया। श्री मिश्रा ने एन. सी. आर. बी. की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए बताया कि अनुसूचित जाति व जनजाति के प्रति घटनाऐं म.प्र. के कुछ क्षेत्रों में अधिक है। कुछ घटनाओं की प्रवृत्ति ऐसी होती है जिससे असंवेदना की स्थिति बन जाती है।

कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सख्त कानून होने के बावजूद म. प्र. में अपराधों की संख्या अधिक है। अपराधों को कम करने के लिये थानों में संवेदनशील वातावरण बनाने की आवश्यकता है। इससे अत्याचारों से पीड़ित कमजोर वर्ग विशेषकर अनुसूचित जाति व जनजाति के व्यक्ति निःसंकोच होकर अपनी रिपोर्ट दर्ज करवा सके। कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज

के लोग समानना की भावना से चले। किसी भी सेवा में स्टार नहीं मिलता, केवल पुलिस अधिकारियों को मिलता है। उद्घाटन सत्र का संचालन प्रो. आर. डी. मौर्य ने किया। प्रो. सी. डी. नाईक ने आभार माना।

15 फरवरी को इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापना समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एस.डी.एम. श्री संदीप जी. आर. ने बताया कि, पुलिस अधिकारी कई जिम्मेदारियों में व्यस्त रहते हैं फिर भी पुलिस द्वारा अत्याचार, शोषण, अपराधों की घटनाओं का प्रमुखता से समाधान करना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता वि.वि. के कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने की।

20 फरवरी 2017 – विश्व सामाजिक न्याय दिवस

विश्वविद्यालय द्वारा 20 फरवरी 2017 को स्कूल ऑफ विधि एवं सामाजिक न्याय के तत्वाधान में "विश्व सामाजिक न्याय दिवस" के अवसर पर एक दिवसीय बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. वी. आर. उपाध्याय थे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने की। कार्यक्रम संयोजक प्रो. डी. के. वर्मा ने परिचर्चा की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 2009 म विश्वस्तर पर सामाजिक न्याय दिवस को 20 फरवरी को मनाया जा रहा है। विश्व के सभी देशों के संविधान की अवधारणा हमारे देश के संविधान की अवधारणा से भिन्न है। क्योंकि हमारा संविधान सामाजिक न्याय पर आधारित है। मुख्य अतिथि डॉ. उपाध्याय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक न्याय की अवधारणा को परिभाषित करते हेतु सामाजिक चिंतन के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा होनी चाहिये। अध्यक्षता कर रहे कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान की उद्देशिका में न्याय की अवधारणा के क्रम में देखें ता न्याय को तीन रूपों में परिभाषित किया है– सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक। उन्होंने कहा कि हमारे देश में जाति व्यवस्था है। देश का विधि तंत्र सामाजिक न्याय की बात नहीं कर पा रहा है। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार श्री प्रदीप कुमार द्वारा व्यक्त किया गया।

23 फरवरी 2017 – संत गाड्गे जयंती

23 फरवरी 2017 को संत गाड्गे जयंती के अवसर पर "अनुसूचित जाति/जनजाति में सामाजिक गतिशीलता" विषय पर एक दिवसीय बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. जे. पी. मिश्रा थे। अध्यक्षता डीन प्रो. सी.डो. नाईक ने की। शुभारंभ बाबासाहेब की प्रतिमा एवं संत गाड्गे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा हुआ। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि, स्वयं को पहचान कर समाज उपयोगी कार्य करने पर बल दिया जिससे समाज एवं मानव जाति का कल्याण हो। प्रो. नाईक ने अपने अध्यक्षीय उद्बाधन में कहा कि संत गाड्गे बाबा के दर्शन, विचारों की प्रासंगिकता, सामाजिक गतिशीलता पर दार्शनिक एवं समकालीन आयाम के आधार पर महत्वपूर्ण विचार रखे। प्रो. डी.के. वर्मा ने विषय की प्रासंगिकता, सामाजिक गतिशीलता के सिद्धांतों एवं प्रकारों पर तथ्यात्मक रुप से प्रकाश डाला और छात्रों

को इनके विषय पर शोध करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. अरूण कुमार, डॉ. आर.वी.एस. गौतम, विजेन्द्र गहलोत, रवि मेड़ा, नितिन लाहोरे ने भी अपने– अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आभार एवं संचालन डॉ. धनराज डोंगरे द्वारा किया गया।

27 फरवरी 2017 – एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

विश्वविद्यालय की अम्बेडकर पीठ द्वारा "विकास का अधीनस्थवादी परिप्रेक्ष्य तथा डॉ. अम्बेडकर विचार" विषय पर दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता कुलपति डॉ.आर. एस. कुरील ने की। मुख्य अतिथि डॉ. एम.के. एस. मोरे प्रोफेसर डा. बाबा साहब अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ थे। विशेष अतिथि डॉ. प्रफुल्ल गढ़वाल, प्रोफेसर राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान उत्तराखंड थे। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. सी.डी. नाईक ने संगोष्ठी के विषयपर प्रकाश डालते हुए विश्व विकास का जिक्र करते हुए मार्क्सवादी, यूरापीय देशों के बारे में बताया। डीन प्रो. जे.पी. मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठो में विकास का महत्व बतलाते हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति तथा पिछडा वर्ग पर जोर दिया एवं महिला सशक्तिकरण के महत्व को बताया। प्रो. आर.डी. मौर्य ने अपने उद्बोधन में सामाजिक, आर्थिक और सुसंगति का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने शोषित वर्ग की शैक्षणिक एवं दलित वर्ग की समस्याओं के बारे में बताया। डीन प्रो. डी.के. वर्मा ने अपने उद्बोधन में मार्क्सवादी दृष्टिकोण को बताया एवं गामीण समाज तथा भारतीय समाज का उल्लेख करते हुए साहित्य के पुनरावलोकन के बारे में बताया। मुख्य वक्ता प्रो. प्रफुल्ल गढ़पाल ने अम्बेडक द्वारा कमजोर वर्ग की भूमिका का जिक्र कर कहा कि कमजोर वर्गों का किस तरह से विकास किया जाये, इसका उल्लेख बाबा साहेब के चिंतन व मानवतावाद में झलकता है। मुख्य अतिथि प्रो. मोरे ने अपने उद्बोधन में विकास के अधिनस्थवादी दृष्टिकोण के अंतर्गत मार्क्स, काम्टे, एड्म स्मिथ आदि के दृष्टिकोण को समझाया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डीन एवं संयोजक प्रो. सी.डी. नाईक द्वारा किया गया।

28 फरवरी से 2 मार्च 2017 – पुलिस अधिकारियों की विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला

विश्वविद्यालय द्वारा 28 फरवरी से 2 मार्च 2017 तक पुलिस अधिकारियों की विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का तृतीय चरण "समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता" पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. पन्नालाल पूर्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक थे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील ने की। विशिष्ट अतिथि श्री अनिल त्रिवेदी अधिवक्ता उच्च न्यायालय एवं मुख्य वक्ता डॉ. आर.के. श्रीवास्तव, ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुलिस तथा समाज के मध्य मध्यस्थता हेतु अंतर संबंध बनाने वाली एक कड़ी की आवश्यकता है जिससे लोगों का विश्वास पुलिस पर कायम किया जा सके। कमजोर वर्गों की पुलिस को आवाज बनना चाहिये। मुख्य अतिथि डॉ. पन्नालाल ने कहा कि समाज में आज भी अस्पृश्यता मौजूद है। अत्याचार के कारण अनपढ़ के

साथ–साथ शिक्षित वर्ग भी पीड़ित होता है, जो एक मानसिकता पर आधारित अपराध है। विशिष्ट अतिथि श्री अनिल त्रिवेदी ने अने वक्तव्य में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए समाज को समझने के लिये नये नजरिये की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया।

मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. आर. के. श्रीवास्तव ने कहा कि, म.प्र. के जिन जिलों में अत्याचार कम हुए हैं उनकों पुरस्कृत किया जाना चाहिये और जिन थाना क्षेत्रों में अत्याचार अधिक हुए हैं वहां और सतर्कता के साथ और अधिक संवेदनशील तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। एस पी अजाक इंदौर श्री मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में कमजोर वर्ग जो कि अशिक्षित है वह आथिक रुप से कमजोर है पुलिस अधिकारियों को उनकी ओर ध्यान देना चाहिये और उनकी समस्यायें सुननी चाहिये। कुलसचि डॉ. बी. भारती ने कहा कि समाज में यह धारणा है कि पुलिस प्रशासन के द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति को संरक्षण मिलेगा क्योंकि उनके पास लॉ एंड आर्डर की शक्ति है। शुभारंभ सत्र का संचालन एवं आभार प्रो. आर. डी. मौर्य ने व्यक्त किया।

2 मार्च को तीन दिवसीय विशेष पुलिस कार्यशाला का समापन हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री माननीय डॉ. थावरचंद गेहलात थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.एल. थाउसन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अजाक) म.प्र., श्री मनोज गोरकेला, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता थे। अध्यक्षता कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील ने की।

मुख्य अतिथि डॉ. गेहलोत ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश में संविधान लागू किया गया जिसमें सामाजिक आर्थिक, राजनैतिक एवं शैक्षणिक विषमता दूर करने के प्रावधान किये गये। देश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध अत्याचार की घटनाओं को रोकने के लिए अनुसूचित जाति एवं जनजाति निवारण अधिनियम 1989 बनाया गया तथा इसे और कारगर बनाने के लिए 2016 में संशोधन किये गये हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. थाउसन ने कहा कि पीड़ित पर सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक कई प्रकार का दबाव होता है, यह बात वास्तव में सही है। कुलसचिव डॉ. बी. भारती ने कहा कि कोई भी राष्ट्र तब तक विकसित नही हो सकता जब तक कि उस देश के सभी नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त न हो। हम किसी पद पर जाने से पहले मानव है। कार्यशाला के संयाजक प्रो. आर.डी. मौर्य ने कार्यशाला का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलना चाहिये और और अपराधी को दड मिलना चाहिये। कार्यशाला में म. प्र. राज्य के विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक, उप अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं निरीक्षक स्तर के अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षिणार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये एवं प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम का संचालन प्रो. आर.डी. मौर्य ने किया। अभार प्रो. डी.के. वर्मा ने माना।

"समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवदेनशीलता" विषय पर मध्यप्रदेश पुलिस, अनुसूचित जाति कल्याण, भोपाल द्वारा प्रायोजित एवं डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर

नगर(महू) म.प्र. द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पुलिस प्रशिक्षण वर्ष 2016–17 में आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का प्रतिवेदन।

प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.एल. थाउसन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अनुसूचित जाति कल्याण, म.प्र. शासन।

प्रशिक्षण कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में अतिथियों के साथ प्रशिक्षणार्थियों के समूह फोटो।

वर्ष 2016–17 की प्रथम प्रशिक्षण कार्यशाला (30.01.2017 से 01.02.2017) विश्वविद्यालय द्वारा **"समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशीलता विषय पर म.प्र. पुलिस अधिकारियों की विशेष कार्यशाला"** का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने की। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि माननीय पूर्व महानिदेशक म.प्र. पुलिस व पूर्व महानिदेशक बानीस श्री एस. के. दास थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.एल. थाउसन, भा.पु.से., अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अनुसूचित जाति कल्याण, म.प्र. शासन एवं सम्मानीय अतिथि एडवोकेट श्री अनिल त्रिवेदी थे। प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक प्रो. आर.डी. मौर्य थे।

द्वितीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील, मुख्य अतिथि श्री आर.पी. सिंह, डीआईजी, इन्दौर रेंज व श्री एच.एन. मिश्रा, डीआईजी इन्दौर, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. आर. प्रसाद, सलाहकार, NIRD/PR हैदराबाद व कार्यशाला के संयोजक प्रो. आर.डी. मौर्य।

प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री आर.पी. सिंह, डीआईजी, इन्दौर रेंज।

वर्ष 2016–17 की द्वितीय प्रशिक्षण कार्यशाला (13.02.2017 से 15.03.2017) विश्वविद्यालय द्वारा **"समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशीलता विषय पर म.प्र. पुलिस अधिकारियों की विशेष कार्यशाला"** का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. आर. एस. कुरील ने की। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि श्री आर.पी. सिंह, डीआईजी, इन्दौर रंज व श्री एच.एन. मिश्रा, डीआईजी

इन्दौर थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. आर. प्रसाद, सलाहकार, NIRD/PR हैदराबाद थे। प्रशिक्षण कार्यशाला की संक्षिप्त रुपरेखा का विवरण कार्यशाला के संयोजक प्रो. आर.डी. मौर्य ने प्रस्तुत की।

तृतीय प्रशिक्षण कार्यशाला समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. थावरचंद गहलोत कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।	**प्रशिक्षण कार्यशाला समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय डॉ. थावरचंद गहलोत का स्वागत करते हुए कार्यक्रम संयोजक प्रो. आर.डी. मौर्य।**

वर्ष 2016–17 की तृतीय प्रशिक्षण कार्यशाला (28.02.2017 से 02.03.2017) उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. पन्नालाल, पूर्व आईजी, इन्दौर रेंज थे। कार्यक्रम के सम्मानीय अतिथि अनिल त्रिवेदी, हाई कोर्ट अधिवक्ता थे। मुख्य वक्ता डॉ. आर.के. श्रीवास्तव NIRD/PR हैदराबाद थे। कार्यक्रम समापन के मुख्य अतिथि माननीय डॉ. थावरचंद गहलोत थे। विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.एल. थाउसन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अ.जा.क.), म.प्र. व श्री मनोज गोरकेला, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता थे। कार्यक्रम के समापन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. आर.एस. कुरील ने करते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों को शोध के लिए विश्वविद्यालय हमेशा स्वागत है। प्रशिक्षण कार्यशाला के संयोजक प्रो. आर.डी. मौर्य थे।

प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रशिक्षण कार्यशाला में कुल 105 पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरूद्ध अत्याचार की घटनाओं को रोकने के लिये पुलिस अधिकारियों में कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रमों में देश के ख्यातमान विषय विशेषज्ञ एवं जाने माने समाज शास्त्रीयों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों द्वारा भी सहयोग एवं अपने अनुभवों का लाभ प्रदान किया गया।

15 मार्च 2017– मान्यवर कांशीराम जयंती कार्यक्रम

विश्वविद्यालय द्वारा 15 मार्च 2017 को मान्यवर कांशीराम जयंती के अवसर पर एक दिवसीय परिचर्चा "सामाजिक अभियांत्रिकी और मान्यवर कांशीराम का जीवन दर्शन" विषय पर आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, संकाय सदस्यों, समन्वयक एवं संयोजक की गौरवमयी उपस्थिति में भगवान बुद्ध, बाबा साहेब की प्रतिमा एवं मान्यवर कांशीरामजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा हुआ।

प्रो. डी.के. वर्मा ने परिचर्चा की संकल्पना एवं मान्यवर कांशीरामजी के योगदान को बताते को बताते हुए कहा कि सामाजिक अभियात्रिकी की संकल्पना, सिद्धांत एवं विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कुलपति डॉ. कुरील ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि, कांशीराम जी एक लेखक, चिंतक, सफल राजनेता थे। उन्होंने बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाया और बहुजन समाज को सत्ता में पहुंचाकर बाबा साहेब के सपने को साकार किया। प्रो. सी. डी. नाईक न कहा कि मान्यवर कांशीरामजी का व्यक्तित्व सहज और सादगीपूर्ण था। उन्होंने देश के बहुजनों में नई चेतना का संचार किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. बी. भारती, प्रो. डी.के. वर्मा, प्रो. आर.डी मौर्य, प्रो. थंगराज ने भी अपने– विचार मान्यवर कांशीरामजी के जीवन दशन के विषय पर दिये। संचालन प्रो. डी.के. वर्मा ने किया। आभार प्रो. सी.डी. नाईक ने माना।

विश्वविद्यालय प्रकाशन

UNIVERSITY'S PUBLICATIONS:

S. No	Title of the Book/Articles/Journals	Name of the Author(s)/ Edited by Prof. C.D. Naik	Name of the Publisher, Year and Month of Publication	Price of the Book if any
1.	डॉ. आम्बेडकर सामाजिक विज्ञान शोध पत्रिका. Vol. XXIV, वर्ष 2016 (हिन्दी)	Edited	BRAUSS, 2015	Rs.100/-
2.	Ambedkar Journal of Social Development & Justice, Vol.XXIV, Year 2016 (English)	Edited	BRAUSS, 2015	Rs.100/-
3.	Dr. Ambedkar Memorial Lecture Part – II (pp. 1-180)	Author	BRAUSS, 2015	Rs.225/-
4.	Social Emancipation (pp. 1-232)	Author	BRAUSS, 2015	Rs.225/-
5.	Manual Scavenging (pp. 1-256)	Author	BRAUSS, 2015	Rs.225/-
6.	Symbol of Knowledge Dr. B.R. Ambedkar	Author	BRAUSS, 2015	Rs.500/-
7.	सामाजिक बौद्ध संदेश	Author	BRAUSS, 2015	Rs.750/-
8.	Ideology and Thoughts of Dr. B.R. Ambedkar : Contributions in Nation Building"	Author	Dr. Ambedkar Journal of Social Development and Justice, Vol. XXIII, 2015, pp. 1-8	Rs.100/-
9.	Model of Dalit Emancipation in India	Author	Dr. Ambedkar Journal of Social Development and Justice, Vol. XXIII, 2015, pp. 53-70	Rs.100/-
10.	Unemployment : Problem and Eradication in India	Author	Dr. Ambedkar Journal of Social Development and Justice, Vol. XXIII, 2015, pp. 142-153	Rs.100/-
11.	भारत में बाल श्रमिकों की स्थिति का विश्लेषणात्मक अध्ययन	Author	Dr. Ambedkar Samajik Vigyan Shodh Patrika, Vol. XXIII, 2015, pp. 125-131	Rs.100/-
12.	Dr. Ambdkar on Nation and Nationalism	Author	ed. by Dr. Pradeep Aglave, Professor Dr. Ambedkar Chair, R.T.M. Nagpur University, 2015 (pp. 83-90)	
13.	Reminiscences on Ven. Jhyanaratna	Author	ed. by Samyak Prakashan, New Delhi,2015 (pp.22-27)	Rs.20/-
14.	Impact of Ambedkarism on World	Author	Vishwa Leader,Mumbai, Jan. 2016 (P.9-12)	Rs.25/-

संकाय सदस्यों के अकादमिक एवं प्रशासनिक योगदान

Contribution of Faculty:
Prof. C.D. Naik :

1. Projects

Long term Projects submitted for approval of the Director of Dr. Ambedkar Foundation for Dr. Ambedkar Chair Professor at Dr. B. R. Ambedkar University of Social Sciences were as follows:

Title:

1. Synoprtic view of Dr. Babasaheb Ambedkar's Writings and speeches scattered across the 21 volumes published by Education Department, Government of Maharashtra, Mumbai
2. Transalations of Marathi journals/weeklies/fortnightlies launched by Dr. Ambedkar
3. Ambedkar A to Z an enclopaedia of thought and philosophy of Dr. B. R. Ambedkar

Project Director: C D Naik, BRAUSS

Sponsoring Agency: Dr. Ambedkar Chair, DAF/BRAUSS

Budget: ten to twenty lakh each project (tentative)

Objective: to study and present Dr. Ambedkar Thought and Philosophy fluently and lucidly in one place

Progress: The chair has fund for the project to the tune of Rs. 1.5 lakh, which can be utilized for the purpose with the permission of the BRAUSS competent authority

Recommendation: BRAUSS may permit to launch the above projects simultaneously

2. Supervision of M.Phil. and Ph.D. scholars

sn	M.Phil. scholars	Ph.D. Scholars
1	**Samoti Muzalda**, M.Phil., History Madhya Pradesh ke Dhar zile mein aitihasik paryatan sthal ke vikas ka vartman swarup ka adhyayan-Mandu ke vishesh sandarbh mein (2016)	**Dharmu Prasad Kushwah**, Economics, Garibi unmulan mein lakshit sarvajanik vitran pranali ki bhumika ka mulyankan – Madhya Pradesh ke satna zile ke sandarbh mein, 2017
	Objectives: to assess the present status of Mandu	**Objectives**: to analyse the public distribution system as a factor affecting poverty
	Hypotheses: there are more number of tourists visiting the site than earlier	**Hypotheses**: properly run pds can reduce poverty to some extent
	Findings: present status of the study area is better than earlier	**Findings**: targeted pds has potential to eliminate poverty
	Suggestions: however it can be improved further	**Suggestions**: pds should be targeted for this cause
2	**Anita Muvel**, Madhya Pradesh mein rashtriya gramin rojgar guarantee yojana ka kriyanvayan	**Ramavtar Saket**, Rashtriya Grameen Rojgar guarantee Yojana ka anusuchit jati krishak-majdoor

	tatha labharthiyon par prabhav: ek adhyayan (Madhya Pradesh ke Dhar Zille ke Manavar tehsil ke vishesh sandarbha mein) 2016 **Objectives**: to study the scheme and its impact on its beneficiaries **Hypotheses:** the scheme has positively helped to enhance opportunity of job for the beneficiary **Findings**: national rural employment guarantee scheme is not uniformly implemented to get the fruitful result **Suggestions**: It should be implemented honestly to reap the expected fruits of the same	hitgrahiyon ki arthik aur samajik sthiti par prabhav-mazgavan vikas khand, zila Satna, Madhya Pradesh ke vishesh sandarbha mein, 2017 **Objectives**: study the effect of the scheme on sc farmers and workers **Hypotheses:** the scheme has positive impact on the SC farmers and workers **Findings:** The scheme needs to be properly implemented for its purpose **Suggestions**: there is much to be desired in the implementation of the scheme
3	**Rakesh Kumar Satnami**, Anusuhit Jatiya Samudayon mein Rajnitik Chetna va shaikshanik vikas ka adhyayan- Madhya Pradesh ke satna zille ke vishesh sandarbh mein 2016 **Objectives**: to study the political consciousness and educational development of SC group **Hypotheses:** political consciousness led to educational development **Findings**: political consciousness partially led to educational development of the group concerned **Suggestions**: further improvement in the group's political awareness is desired.	**Varsha Gohil**, Domestic Violence: Causes and consequences (A Sociological Study of Ahmedabad city in Gujrat) 2016 **Objectives:** to study domestic violence in Ahmedabad city **Hypotheses**: life partner does not fall prey to domestic domination and cause violence Findings: In most cases life partner proved a weak factor **Suggestions**: inferior status of women in society has much to do with domestic violence
4	**Mahipal Chauhan**, Pol. Sci., Anusuchit Janjatiyon ki Panchayati raj mein bhagidari ka unke rajnitik netritva vikas par prabhav-Madhya Pradesh ke dhar zille ki Gandhvani tehsil ke vishesh sandarbh mein, 2016-17 **Objectives**: to study participation of STs in gandhvani panchayat **Hypotheses:** participation of STs in gandhvani	**Uttama**, Buddhist Studies, 2016-17 **Title:** A Study of Psycho-Ethical Aspect of Mind in Theravada Buddhism with special reference to San Chaung, Yangon, Myanmar **Objectives:** to study the psycho-ethical aspect of mind in Buddhism **Hypotheses:** there is applicable aspect of Buddhist

panchayata is active and satisfactory

Findings: it shows that STs have not actively and satisfactorily participated in Gandhvani tehsil

Suggestions: The ST members of the panchayata needs to be encouraged for more and more participation.

5 **Nanda Dodwe**, Economics, Sarvajanik Vitran Pranali ka Madhya Pradesh ke Anusuchit Janjatiya parivaron ki ajivika par prabhav ka ek adhyayan- Madhya Pradesh ke dhar Zille ki Manavar Vikas Khand ke vishesh sandarbh mein, 2016

Objectives: to study effect of pds on livelihoods of STs

Hypotheses: PDS has impact on livelihoods of STs

Findings: well implemented PDS affected livelihoods of STs of the stury area

Suggestions: Such PDS as enhancing livelihoods of STs be well established

6 **Sangeeta Dodwe**, Economics, Anusuchit janjati ke shaikshnik vikas par sarva shiksha abhiyan ke prabhav ka ek adhyayan- Madhya Pradesh ke Dhar Zille ke Manavar Tehsil ke vishesh sandarbh mein 2016

Objectives: to study effect of sarva shiksha abhiyan on STs educational development

Hypotheses: Sarvashiksha Abhiyan has impacted educational development of STs

Findings: SSA has positively contributed towards educational development of STs of the study area

Suggestions: sarva shiksha abhiyan should be seriously implemented to benefit STs

psycho-ethical teachings for society in our daily life

Findings: both sutamaya and bhavanamaya nana (knowledge) are to be differentiated and applied in practice

Suggestions: there is a need of right method to get the right result

Ashin Tay Za Ni Ya, Buddhist Studies, 2016-17

Title: An Analytical study of the four noble truths in Theravada budhism with special reference to Lammadaw township, yangon, Myanmar

Objectives: to study the four noble truths of Buddhism

Hypotheses: exact meaning of four noble truths is not settled in Buddhism

Findings: there is relationship between understanding four noble truths and studying saccavibhangasutta

Suggestions: highlighting some key aspects of saccavibhanga sutta will lead to clear grasp of four noble truths.

Sanadarwara, Buddhist Studies, 2016-17

Title: Realizing of right view in Theravada Buddhism with special reference to Lammadaw township, Yangon, Myanmar

Objectives: to study the right view deeply

Hypotheses: right view is important in development of human beings.

Findings: It is the highest wisdom which penetrates the intrinsic nature of mentality and materiality.

Suggestions: experience of noble fruition is another benefit of developing right view

educationally

7 **Santosh Kumar Verma**, Adim Jati Kalyan Vibhag ki Yojnaon ka Anusuchit Jatiyon ke vikas par Prabhav- Madhya Pradesh ke satana zille ke vishesh sandarbh mein, 2016-17

Objectives: to study ST welfare Deptt's schemes and their impact on development

Hypotheses: ST welfare Deptt schemes have impacted development of STs

Findings: STs were developed through schemes of ST Deptt's schemes

Suggestions: ST deptt's schemes should be strictly implemented for further development

8 **Jyoti Verma**, Social work, Kamjor vargon mein rashtriya kshay niyatran ke karyanvaan tatha is yojna ke antargat kshay rog ki roktham ke upayon ka adhyayan – Madhya Pradesh ke khargone zille ke vishesh sandarbh mein 2016-17

Objectives: to study eradication of tb through national scheme of tb control

Hypotheses: tb control among weaker sections has increased through national scheme of tb control

Findings: more tb control was found to be possible through national scheme of tb control

Suggestions: the national scheme should be promoted for the benefit of tuberculosis patients

9 Dharmendra Thakur, Krishi evam Pashupalan ke kary evam aay mein Gramin mahilayon ki bhagidari- Madhya Pradesh ke dhar zille ke Dharampuri Tehsil ke vishesh sandarbh mein 2016

Objectives: to study participation of women in

Aggavamsa, Buddhist Studies, 2016-17

Title: An analytical Study of the nature of the world in Buddhist view with special reference to Kyeemyindine Township, Yangon, Myanmar

Objectives: to find real refuge view for mankind

Hypotheses: world would become free of danger if every person behaves well.

Findings: see four noble truths to cut off cycle of rebirth

Suggestions:Buddhist philosophy is must for achieving real happiness

Jatila, Buddhist Studies, 2016-17

Title: The value of human life in Buddhism with special reference to Mottama(Mawlamyine) state of Mon, Myanmar

Objectives: to study human values and their socio-economic consequences

Hypotheses: there is relationship between human values and Buddhist teaching of insight, morality and concentration

Findings: such relationship will be established after study

Suggestions: Buddhist and human values are vitally important to attain both mundane and supramundane gains

agriculture and husbandry

Hypotheses: substantial participation of women is found to be extant in agriculture and animal husbandry in the study area

Findings: percentage of participation of rural women in agriculture and animal husbandry is more as per data of study area

Suggestions: more facilities should be provided for such productive rural women

10 **Itishree Choudhury**, Economics, Vulnerabilities and insecurities of Informal sector workers: A Case Study of Street Vendors of Twin Cities in Odisha(Cuttack and Bhubaneshwar), 2017

Objectives: to study vulnerabilities and insecurities of street vendors

Hypotheses: in Cuttack and Bhubaneshwar street vendors suffer loss from vulnerabilities and insecurities of their job

Findings: street vendors of the study area face more risks due to nature of their job

Suggestions: unorganized sector should be made more acceptable in terms of less risks and be eventually brought under organized sector

3. Other heads

Extension:

1. Attended interchair programme at iipa, new delhi, Shri J S Meena was addressing, then backward class development corporation manager‘s address followed on loan to safai karmachari, scs and skill development giving 100 crore rupees of loan which was properly utilized by south indian State, further session resumed in which experience was shared and presented, among the present invitees such as Prof. Aglave, Prof. Parashar, Prof. Sushma, and other chair professors except, patna and jaipur Chairs, meeting ended with vote of thanks,

Training:

1. Attended and addressed police training programme and its valedictory session at BRAUSS, on Sc and ST atrocity prevention act amended and its rules of 2015/16, where Professor Anand, JNU and Adv. Gaurkela addressed, police enjoyed entertainment evening facilitated

2. Chaired the two sessions of the workshop (1) on acquittal of cases and (2) on atrocity, prevention act as social act and (3) cast vote of thanks

Academic activities:

1. Worked on 125 national contributions of Dr. Ambedkar on his 125th birth anniversary celebrated at BRAUSS
2. gave tv interview to cnn,
3. Chaired Parag Abyankar's address at the function on **sant parampara and samarasta** at DAVV University Auditorium Hall, Indore with Manjit Singh Bhatia speaking on theme and the chair person concluding his address on samrasta, constitution, Ambedkar and Buddha,
4. conducted objective test for students for selecting candidates for Chair fellowship
5. exhibition organized and books displayed at programme at Rau as per directive of JS, DAF New Delhi
6. question paper setting for examinees in different subjects at 25 centres across India
7. concept of samajik vikas kendra corrected and admission in pali, and Buddhist studies and students for this session were sought
8. Corrected matter on samajik vikas Kendra.
9. Engaged common class on mon, tue and wed at 12.30 pm to 1.30 pm.,
10. Kabir jayanti at BRAUSS started under my chairmanship, presidential speech on Kabir with reference to Phule, Asoka, Buddha, Chandragupta delivered, programme ended with vote of thanks.
11. took up charge of social sciences, management and rural development
12. Commemorated Kargil victory day was chaired by Leutenant General Datar
13. prepared syllabus for edd and seep compulsory subjects for PG, M.Phil. and Ph.D.
14. rdc pre-registration for scholars with topic for doctoral work,
15. workshop on research problems, issues and research topic,
16. As chairman of the function of 108th ganeshotsava presented address and two songs on university and Buddha,
17. Corrected advertisement of Dr. Ambedkar Memorial award
18. Organized andhashraddha nirmulan programme through ringan play
19. Atended unveiling Lord Buddha statue at Buddha Vihara with chants of Pali gathas,
20. drafted 26th Nov. 16 Samvidhan diwas proceeding
21. Addressed students on observation and write up on science, technology, environment, weaker sections upto 400 words
22. prepared book on constitution day, essay completion and question-answer competition were held at BRAUSS
23. Worked on result of exam. at BRAUSS
24. Prepared notes on edd and seep, compulsory papers
